इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -246 राजनांदगांव, मंगलवार 23 जुलाई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## चीनी कंपनियों के निवेश को देना होगा बढ़ावा, पाटनी होगी शिक्षा व रोजगार के बीच की खाई; आर्थिक सर्वेक्षण की अहम बातें

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर 6.5 से सात फीसद रहने और लगातार लंबे समय तक सात फीसद की विकास दर हासिल करने की संभावना जताते हुए आर्थिक सर्वेक्षण 2024 ने केंद्र सरकार को रोजगार, आय को लेकर बढ़ती असमानता, चीन के साथ कारोबारी रिश्तों, स्वास्थ्य सेक्टर में बढ़ रही चुनौतियों जैसे कुछ जमीनी सच्चाइयों से भी रूबरू कराया है।

### वित्त मंत्री ने पटल पर रखा आर्थिक सर्वेक्षण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार (22 जुलाई) को सदन पटल पर आर्थिक सर्वेक्षण को रखा। वित्त मंत्रालय में प्रमुख आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की टीम की तरफ से तैयार यह रिपोर्ट सरकार की इस सोच को सामने रखता है कि वह किस तरह से वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार कर सकती है।

एक दिन बाद यानी 23 जुलाई को पेश होने वाले मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के आम बजट को लेकर भी यह सर्वेक्षण कुछ संकेत देता है। आगामी बजट रोजगार सृजन के नये उपायों को बढ़ावा देने के साथ ही ढांचागत क्षेत्र की उन्नति और किसानों व ग्रामीण जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाले उपायों वाला हो सकता है।

### छह मुद्दों को किया गया चिह्नित

मोदी सरकार की तरफ से घोषित अमृत काल (वर्तमान से वर्ष 2047 तक का समय) के लिए प्रमुख तौर पर विकास रणनीति के छह मुद्दों को चिह्नित किया गया है। निजी निवेश को जीडीपी के सापेक्ष बढ़ा कर 35 फीसद करना। राज्य व स्थानीय सरकार के स्तर पर सहयोग से सूक्ष्म, लघु व मझोली औद्योगिक इकाइयों को मजबूत करते हुए निर्यात रणनीति बनाना। कृषि क्षेत्र में विकास की बाधाओं को दूर करने व बाजार को किसानों के हित के मुताबिक बनाना। भारत में हरित परिवर्तन के लिए सुरक्षित वित्त पोषण की व्यवस्था करना। शिक्षा व रोजगार के बीच खाई को पाटने और राज्यों को मजबूत बनाना।



चीन की पहेली को सुलझाना हो सकता है कि वित्त मंत्री की तरफ पेश होने वाले आम बजट 2024-25 में उक्त छह रणनीतियों पर अमल की शुरुआत हो जाए। इसके अलावा सर्वेक्षण ने मध्यम अवधि के लिए सरकार के समक्ष कुछ और आर्थिक व सामाजिक पहलुओं को चिन्हित किया है जिसका समाधान शीघ्र निकालना होगा। इसमें प्रमुख है देश में आर्थिक असमानता को खत्म करना, उत्पादक रोजगार को सृजित करने के तरीके निकालना, देश में एक मजबूत कारपोरेट बांड बाजार को स्थापित करना, भारत की युवा आबादी के स्वास्थ्य की गुणवत्ता को सुधारना और चीन की पहेली को सुलझाना।

### निजी सेक्टर से अधिक निवेश की संभावना

सर्वेक्षण के मुताबिक अनिश्चित वैश्विक हालात के बावजूद घरेलू हालात की वजह से भारत लगातार तीसरे वर्ष तेज आर्थिक विकास दर हासिल करने की तरफ अग्रसर है। निजी सेक्टर की तरफ से ज्यादा निवेश होने की संभावना है क्योंकि उनका मुनाफा बढ़ा है। इस संदर्भ में एक चिंता यह जताई गई है कि निजी क्षेत्र को भी विदेश से सस्ते आयात बढ़ने का खतरा महसूस हो रहा है, ऐसे मे वह भविष्य में निवेश खींच सकते हैं, लेकिन मानसून के सामान्य होना एक शुभ संकेत है।

### चीनी कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने की बात

सर्वेक्षण मानता है कि चीनी कंपनियों के भारत में निवेश को बढ़ावा देने की नीति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विस का मानसून सत्र : बलौदाबाजार कांड पर चर्चा की मांग पर अड़ा विपक्ष, गर्भगृह में नारेबाजी के बाद हुए निलंबित



रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा सत्र शुरू हो गया है, लंच के बाद एक बार फिर सदन की कार्रवाई चालू हुई। जिसके बाद विपक्षी सदस्यों ने बलौदाबाजार हिंसा का मामला उठाया। जिस पर स्पीकर ने कहा कि, कार्रवाई आगे बढ़ गई और अब इस विषय पर चर्चा नहीं हो सकती है। किसी दूसरे माध्यम से इस विषय पर चर्चा कर लें। लेकिन विपक्षी सदस्य नहीं मानें और स्थगन पर चर्चा की मांग पर अड़े रहे। जिसके बाद सदन में दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के बीच वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अनुपूरक बजट पेश किया। अनुपूरक बजट में सदन पर कल होगी चर्चा। भारी हंगामे के बीच सदन की कार्रवाई कल 11 बजे तक के लिए स्थगित।

नारेबाजी करते हुए विपक्षी सदस्य गर्भगृह में आ गए और मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से की इस्तीफे की मांग करने लगे। विपक्षी नेता सदन के गर्भगृह में आकर नारेबाजी करने लगे। जिसके बाद विधानसभा स्पीकर डॉ रमन सिंह ने गर्भगृह में प्रवेश करने वाले सदस्यों को निलंबित कर दिया। स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, उमेश पटेल समेत कई कांग्रेस के सदस्यों को निलंबित कर दिया। निलंबन के बाद भी कांग्रेसी विधायक नहीं मानें और लगातार गर्भगृह में नारेबाजी कर रहे हैं।

### कैबिनेट के अयोध्या दौरे पर महंत ने ली चुटकी

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कैबिनेट के अयोध्या यात्रा पर चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि, मैं मुख्यमंत्री को भेंट करने के लिए नारियल धोती लेकर आया हूं। विधानसभा अध्यक्ष ने कक्ष में जाकर भेंट करने की अनुमति दी और आप अगली बार जाएं तो सभी सदस्यों को साथ लेकर जाएं। उन्होंने आगे कहा कि, ऐसी चर्चा थी कि, मुख्यमंत्री शिवरीनारायण का बेर लेकर अयोध्या गए थे। लेकिन बड़ा सवाल तो ये है कि, अभी बेर का सीजन ही नहीं है, कहां का बेर लेकर गए थे? आप लोग अयोध्या होकर तो आ गए लेकिन राम वन गमन परिपथ का काम बंद कर दिया। महंत के शून्यकाल में बोलने पर विपक्ष ने सवाल उठाए। जिस पर चरणदास महंत ने आगे कहा कि, आप लोग बात को गलत दिशा में लेकर जाते हैं। इसलिए अयोध्या और बद्रीनाथ की सीट भी आप लोग हार गए।

### गोमती साय ने पहले ही दिन लगा दी सवालों की झड़ी

सत्र के पहले दिन ही पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को लेकर कई सवाल उठाए। जिसका जबाब सत्र के पहले दिन सीएम विष्णुदेव साय, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप अपने विभाग से जुड़े प्रश्नों का उत्तर दिए। विधायक गोमती साय ने पूछा कि, क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022-23 से 28 जून, 2024 तक अवैध खनिज भण्डारण उत्खनन एवं परिवहन के कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं और उन प्रकरणों पर क्या कार्यवाहियां की गई? जानकारी देवें?

## आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर भीषण आग से बड़ा नुकसान, नौसेना प्रमुख ने रक्षा मंत्री को दी हादसे की जानकारी



मुंबई। भारतीय नौसेना की जानकारी के अनुसार, बहु-भूमिका वाले युद्धपोत जहाज ब्रह्मपुत्र पर 21 जुलाई की शाम को उस वक्त आग लग गई थी, जब उसकी मरम्मत की जा रही थी। नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई और बंदरगाह में मौजूद अन्य जहाजों के अग्निशमन कर्मियों की सहायता से जहाज के चालक दल ने 22 जुलाई की सुबह तक आग पर काबू पा लिया था। इसके अलावा, आग लगने के बाद जोखिम के आकलन के लिए सैनिटाइजेशन जांच समेत कार्रवाई की गई।

### हादसे में एक नाविक लापता, तलाश जारी

जानकारी के मुताबिक युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर लगी आग की घटना में, युद्धपोत एक तरफ झुक गया है और तमाम कोशिशों के बावजूद, जहाज को सीधा नहीं किया जा सका है। फिलहाल जहाज एक तरफ टिका हुआ है। वहीं इस हादसे में एक जूनियर नाविक को छोड़कर सभी कर्मियों को बचा लिया गया है। वहीं जूनियर नाविक की तलाश की जा रही है। जबकि इस दुर्घटना की जांच के लिए भारतीय नौसेना ने जांच का आदेश दिया है।

### रक्षा मंत्री ने नौसेना प्रमुख को दिया निर्देश

वहीं नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने की घटना और इस घटना से हुए नुकसान से अवगत कराया है। जिस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना प्रमुख को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है और लापता नाविक की सुरक्षा के लिए रक्षा मंत्री ने प्रार्थना भी की है।

### ब्रह्मपुत्र श्रेणी का स्वदेशी मिसाइल युद्धपोत है आईएनएस ब्रह्मपुत्र

बता दें कि आईएनएस ब्रह्मपुत्र स्वदेशी रूप से निर्मित 'ब्रह्मपुत्र' श्रेणी का पहला निर्देशित मिसाइल युद्धपोत है। इसे अप्रैल 2000 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। इस जहाज में 40 अधिकारियों और 330 नाविकों का दल है। आईएनएस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2024 का विवाद सुलझाने आईआईटी दिल्ली से मदद मांगी, आज सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने स्नातक स्तर की मेडिकल एवं अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबंधित पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 के एक विवादित प्रश्न का सही उत्तर जानने के लिए दिल्ली के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के निदेशक को भौतिकी विषय के विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय एक कमेटी गठित करने सोमवार को निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आईआईटी के निदेशक को तत्काल विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित करने का निर्देश दिया। अदालत ने साथ ही विशेषज्ञों द्वारा वैकल्पिक उत्तर पर दी गई राय मंगलवार 23 जुलाई दिन के 12 तक अदालत के समक्ष पेश करने संबंधी आदेश पारित किया।

पीठ ने यह आदेश इसलिए जारी किया, क्योंकि कुछ याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि पुराने एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार एक विकल्प सही है, लेकिन एनसीईआरटी के नए पाठ्यक्रम में दूसरे विकल्प को सही बताया गया है। याचिकाकर्ताओं की दलील है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने दोनों विकल्पों को सही माना है।

पीठ ने नीट परीक्षा दोबारा कराने के पक्ष और विपक्ष में घंटों अलग-अलग याचिकाकर्ताओं के कई अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने सुनवाई के दौरान नीट यूजी की पांच मई को आयोजित विवादित परीक्षा के सेट-एस 3 के भौतिक विषय खंड के प्रश्न संख्या 19 के चार वैकल्पों में दो उत्तर सही घोषित करने वाले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) फैसले पर कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से उठे सवालों पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीतीश कुमार इस्तीफा दें.. विशेष राज्य के दर्जे से केंद्र के इनकार पर कांग्रेस ने बोला हमला



नई दिल्ली। बिहार को मौजूदा प्रावधानों में विशेष राज्य का दर्जा देने से केंद्र सरकार के इनकार किए जाने के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है। इस मुद्दे पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने केंद्र की एनडीए सरकार और बिहार के मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें और एनडीए सरकार से भी जदयू समर्थन वापस ले। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन छोड़कर एनडीए के साथ इसलिए गए थे कि जब डबल इंजन की सरकार बनेगी तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त होगा और राज्य का चहुंमुखी विकास होगा।

### नीतीश कुमार को सोचना होगा..

सदन में सरकार द्वारा विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने से इनकार किए जाने के बाद अब मुख्यमंत्री नीतीशकुमार को सोचना है कि क्या वे केंद्र की एनडीए सरकार से समर्थन वापस लेंगे या बिहार के नौ बार के मुख्यमंत्री की शपथ लेने वाले नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने कहा कि आखिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजनीतिक लोभ में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नाराज चीफ जस्टिस ने कहा- कौन किसान इतनी मछलियां नदी में डालेगा

बिलासपुर। शिवनाथ नदी में भाटिया शराब फैक्ट्री से छोड़े गए प्रदूषित पानी से लाखों मछलियों की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने इसे स्वतः संज्ञान में लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है। सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। प्रमुख पक्षकार के अधिवक्ता के जवाब के बाद नाराज चीफ जस्टिस ने कहा कि इतनी सारी मछलियां किसानों के पास कहां से आएगी। कोई मरी मछली को नदी में क्यों छोड़ेगा। चीफ जस्टिस ने भाटिया वाइन के अधिवक्ता से पूछा कि शिवनाथ नदी में आपके डिस्टलरी से पानी छोड़ा गया है ना। इस पर अधिवक्ता ने हां में जवाब दिया।



राज्य शासन की ओर से जवाब पेश करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारी ने डिवीजन बेंच को बताया कि एसडीएम बिल्हा ने इसे संज्ञान में लेते हुए पर्यावरण संरक्षण मंडल को पत्र लिखकर जांच के लिए कहा था। जांच कहां तक पहुंची और रिपोर्ट में किस बात की जानकारी दी गई है, विधि अधिकारी कोर्ट को इस संबंध में जवाब नहीं दे पाए। प्रमुख पक्षकार भाटिया वाइन मर्चेंट की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता ने कहा कि फैक्ट्री विधिवत अनुमति लेकर चलाई जा रही है। राज्य शासन के अलावा पर्यावरण संरक्षण मंडल के नियमों व शर्तों का पालन किया जा रहा है। अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि शिवनाथ नदी में जो मछली मरी हुई पाई गई हैं, आसपास के किसानों ने ही मरी मछली को नदी में डाल दिया है। अधिवक्ता ने इस मामले की जांच कराने की मांग कोर्ट से की है। अधिवक्ता के जवाब से चीफ जस्टिस नाराज हुए। मरी मछलियों की फोटो दिखाते हुए कहा कि इतनी सारी मछलियां किसान के पास कहां से आएगी। मरी मछलियां को किसान नदी में क्यों डालेगा। चीफ जस्टिस ने पूछा कि नदी में डिस्टलरी का पानी छोड़ा जा रहा है या नहीं। नदी में छोड़ा गया पानी डिस्टलरी का ही है ना। डिवीजन बेंच ने वाइन मर्चेंट को पक्षकार बनाने का निर्देश रजिस्ट्रार जनरल को दिया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तिथि तय कर दी गई है।

### इसलिए हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

मुंगेली जिले में शिवनाथ नदी में लाखों मछलियां मरी हुई पाई गई हैं। वहीं, कुछ मवेशियों की भी जान गई है। इसकी वजह मोहभट्ठा स्थित भाटिया शराब फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित पानी को बताया जा रहा है। घटना को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने संज्ञान में लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल ने जनहित याचिका के रूप में रजिस्टर्ड किया है। इस मामले में आबकारी, पर्यावरण के प्रमुख सचिव, मुंगेली कलेक्टर, एसपी और आबकारी उपायुक्त सहित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कर्नाटक में ईडी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, मुख्यमंत्री को फंसाने के लिए अधिकारी पर दबाव बनाने का आरोप

बेंगलुरु। कर्नाटक महर्षि वाल्मिकी अनुसूचित जनजाति विकास निगम में 187 करोड़ रुपये के घोटाले में एक बड़ा मोड़ सामने आया है। कर्नाटक के एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के दो अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं को मिला मुद्दा

अधिकारी ने आरोप लगाया है कि इस साल की शुरुआत में सामने आए वाल्मीकि निगम घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, राज्य के एक पूर्व मंत्री और कुछ अन्य लोगों को फंसाने के लिए उनपर दबाव डाला गया। इस शिकायत से कांग्रेस और विपक्षी दलों को केंद्र सरकार को घेरने का मौका मिल गया है, जो केंद्रीय जांच एजेंसियों पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के आदेश पर विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाते हैं। आज, राज्य के समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक कलेश बी ने आरोप लगाया कि उन्हें कथित वाल्मीकि घोटाले की जांच के सिलसिले में 16 जुलाई को प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। उन्हें 18 जुलाई को कुछ फाइलें लेकर वापस आने के (शेष पृष्ठ 6 पर...)


## तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ किसानों ने ट्रैक्टर मार्च का ऐलान किया

नई दिल्ली। किसान अब तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ दिल्ली की ओर कूच करने की तैयारी में हैं। किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा ने इसका ऐलान किया है। किसान संगठनों ने फैसला किया है कि 1 अगस्त को वे मोदी सरकार की 'अर्थी' जलाएंगे और 15 अगस्त को पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च करेंगे। किसानों से सिंघु और शंभु समेत दिल्ली के अन्य सीमाओं पर पहुंचने की अपील की गई है। इसके साथ ही ट्रैक्टर मार्च के दौरान नए आपराधिक कानूनों की कॉपी भी जलाने का निर्णय लिया गया है।

### 1 अगस्त को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

किसान संगठनों ने 1 अगस्त को मोदी सरकार की 'अर्थी' जलाने का फैसला किया है। इसके साथ ही इस दौरान एमएसपी पर कानूनी गारंटी के लिए जिला मुख्यालय पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)









# वेस्ट जोन जूनियर हॉकी प्रतियोगिता: बालिका वर्ग में दादर नागर ने गोवा को और हॉकी महाराष्ट्र ने राजस्थान को पराजित किया

## बालक वर्ग में मध्यप्रदेश ने गुजरात को हॉकी महाराष्ट्र ने गोवा को और मेजबान छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को पराजित किया

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा दुसरी वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के प्रथम मैच में दादर नागर हवेली ने गोवा हॉकी को 5-0 गोलो से पराजित किया दादर नागर हवेली ने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया दादर नागर हवेली की ओर से निधि ने व अनिता देवी ने 2-2 गोल किये वंही संजना भंवर ने 1 गोल किया दूसरे खेले खेले गए मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी राजस्थान को 11-0 गोलो से पराजित किया हॉकी महाराष्ट्र की ओर से टीम के कप्तान सनिका चंद्रकांत माने ने 5 गोल सुकन्या धौरे ने 4 गोल खुशी ने 1 गोल तनुश्री दिनेश कडू ने 1 गोल की हॉकी राजस्थान किया हॉकी राजस्थान के खिलाड़ी गोल करने का लगातार प्रयास करते रहे किन्तु उन्हें कोई सफलता नही मिली और वह यह मैच 11-0 से हार गई।

बालक वर्ग में खेले गए पहले मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने गुजरात को एकतर्फे मुकाबले में 15-0 गोलो से पराजित किया मध्यप्रदेश की टीम ने सुरुवती समय से आक्रमक पारी का खेल का प्रदर्शन किया हॉकी मध्यप्रदेश की ओर से कारण हरिषभाई राठौड़ व आयुष रजाने ने 2-2 गोल, गेना मेमन ने 3 गोल, जानिस चौहान ने 5 गोल और राहुल कोइरी, आदित्य परमार,व कृशकुमार पटेल ने 1-1 गोल किया बालक वर्ग में खेले गए दूसरे मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने गोवा को एकतर्फे 13-0 गोलों से पराजित किया। हॉकी महाराष्ट्र की टीम के खिलाड़ियों ने सुरुवती समय से ही अटैकिंग पारी खेलते हुए मैच के सुरुवती समय से गोल दागने लग गए हॉकी महाराष्ट्र की ओर से शॉन बेनेडिक्ट डी मेलो ,कार्तिक रमेश पात्रे ने 1-1 गोल, जाधव शुभम, अर्जुन संतोष हरगुडे ने 2-2 गोल गौरव बाबूराव पाटिल ने 4 और संतोष रमेश बिराजदर ने 3 गोल किया।



आज खेले गए बालक वर्ग के तीसरे मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने हॉकी राजस्थान को 11-0 गोलो से पराजित किया छत्तीसगढ़ हॉकी खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंदियों को गोल करने का एक भी मौका नही दिया मेजबान टीम ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर आनन्द कुमार व मोहित नायक ने 3-3 गोल, देवेंद्र यादव, प्रकाश पटेल ने 2-2 गोल और टीम के कप्तान कारण साहू ने 1 गोल किया।

मैच के पूर्व रेणु शर्मा, अश्वनी ठाकुर अध्यक्ष जिला बैडमिंटन संघ, सी.एम.एच.ओ. डॉ. नेतराम नोरतन, सोनू भाटिया समाजसेवी, शैंकी बग्गा, डॉ. बी.एल. तुलावी, रेखा पदम अंतरष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी, गुरजिंदर ग्रेवाल, शेखर मेश्राम, फ़िरोज़ अंसारी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, भूषण साव, नीलमचंद जैन, मृणाल चौबे, शिवनारायण धकेता,अनुराज श्रीवास्तव शिवा चौबे,ने मैदान के बीच पहुंच कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

प्रतियोगिता में खेले जा रहे मैचों में बालिका वर्ग में मैन ऑफ द प्लेयर का पुरूस्कार पहले मैच में दादर नागर हवेली के अनिता देवी को दुसरे मैच में हॉकी महाराष्ट्र की सनिका चंद्रकांत माने को बालक वर्ग में पहले मैच में मध्यप्रदेश के अलमज़ खान को दुसरे मैच में हॉकी महाराष्ट के रवि परेश बरडिया.को एवं तीसरे मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ के प्रकाश पटेल को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

### आज के मैच

बालिका वर्ग में एक ही मैच

प्रातः 07 बजे हॉकी मध्य प्रदेश विरूद्ध हॉकी गुजरात के मध्य खेला जाएगा।

# भारतीय मजदूर संघ का कल स्थापना दिवस समारोह

राजनांदगांव (दावा)। देश के कर्मचारियों व मजदूरों के सबसे बड़े संगठन भारतीय मजदूर संघ का कल 23 जुलाई को स्थापना दिवस समारोह जोरदार ढंग से मनाया जायेगा। इस दौरान जहां श्रमिकों की गोष्ठी होगी वही सार्वजनिक सभा का भी आयोजन किया गया है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुये बताया कि समारोह का आयोजन दोपहर 12 बजे महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया है। समारोह में गोष्ठी होगी जिसे भामसं के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा, प्रदेश भामसं कार्यसमिति के सदस्य सुदर्शनदास मानिकपुरी, अल्का बारसागढ़े, जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा व जिले की महिला प्रमुख भारती शर्मा सहित अन्य लोग अपने विचार रखेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई सन् 1955 को देश के प्रख्यात चिंतक व विचारक मान. दंतोपंत ठेंगड़ी ने की थी, अपने स्थापना के तीन दशक बाद ही भारतीय मजदूर संघ वामपंथियों सहित तमाम स्थापित ट्रेड यूनियनों को पीछे करते हुये प्रथम क्रमांक पर आया, जो आज भी अनवरत् पहले नंबर की ट्रेड यूनियन बनी हुई है। विज्ञप्ति में जिले के कामगारों से स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## पहला कॉलम...

### प्लेसमेंट कैम्प में 51 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्पों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी तारतम्बय में आज जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में पांच नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों के लिए 51 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में 386 आवेदकों ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

### विभिन्न कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए 26 जुलाई तक पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 3 से 4 माह का होगा एवं दिग्विजय स्टेडियम कक्ष भदौरिया चौक राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण अंतर्गत घरेलू आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट, सहायक इलेक्ट्रीशियन, मेसन जनरल, सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र) सहित अन्य कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक हितग्राही 26 जुलाई 2024 तक अपना पंजीयन जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में अपना पंजीयन करा सकते है।

### जिले में अब तक औसत 429.9 मिमी

#### राजनांदगांव तहसील में हुई सर्वाधिक 50.7 मिमी वर्षा

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 429.9 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 20.5 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 50.7 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 7.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 50.7 मिमी, घुमका तहसील में 23.5 मिमी, छुरिया तहसील में 23.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 11.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 18 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### पंडित रघुनाथ प्रसाद तिवारी का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ पंडित रघुनाथ प्रसाद तिवारी का 91 वर्ष की उम्र में देर रात्रि दुखद निधन हो गया है। अंतिम यात्रा दोपहर 3 बजे, निवास स्थान ब्राह्मण पारा से जेल रोड मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। वे शिव प्रसाद, अंबिका तिवारी (गुलाब) के पिता थे। अंतिम यात्रा के अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकगण व नगर के गणमान्यजन शामिल हुए।

# गायत्री शक्तिपीठ में पूजे गए गुरूवर श्रीराम शर्मा आचार्य जी





- गुरू पाद पूजन पश्चात आयोजित पांच कुण्डीय यज्ञ में सैकड़ों लोगों ने की आहुति प्रदान
- सम्पन्न किए गए विभिन्न संस्कार... मंदिर निर्माण के दानदाताओं का हुआ सम्मान

राजनांदगांव(दावा)। गुरू पूर्णिमा पर्व के अवसर पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में अखिल भारतीय गायत्री परिवार के संस्थापक वेद तपोनिष्ठ आचार्य श्रीराम शर्मा जी पूरी भक्ति भाव से पूजे गए। मंदिर के पुरोहितों ने सनातन धर्म के लिए उनकी त्याग व तपस्या का जिक्र करते हुए बताया कि पूज्य गुरूदेव ने वेद माता गायत्री की कठोर साधना की और हिमालयवासी अपने गुरू के आशीर्वाद से अंखण्ड ज्योति की मशाल रखा तथा पूज्य गुरूदेव ने अखंड ज्योति-युग निर्माण योजना जैसे पत्रिका सहित अनेक पुस्तकों का प्रणयण कर भारतीय वादयंत्रों की वृद्धि में अपने को खपा दिया।

गायत्री शक्ति पीठ में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर एक दिन पहले अखंड जाप का आयोजन किया गया तत्पश्चात 21 जुलाई पूर्णिमा के दिन 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों लोगों ने पूज्य गुरूदेव श्रीराम शर्मा आचार्य व वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा को स्मरण कर गायत्री महामंत्र के साथ यज्ञ में आहूति प्रदान की। शक्तिपीठ में पुरोहितों की उपस्थिति में इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञोपवित जन्म दिन संस्कार विधारंभ संस्कार आदि सम्पन्न किए गए। गुरूपूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में कवि/साहित्यकार एवं पत्रकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' का उनके 68 जन्मदिन की बधाई देते हुए उनका शाल-श्रीफल व मंत्र दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। पत्रकार ईश्वर साहू के सुपुत्र प्रांजल साहू को भी उनके जन्म दिन पर वरिष्ठों द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया।

### दानदाताओं का सम्मान

बता दे कि सन 1981 से शहर के पोष्ट आफिस चौक स्थापित गायत्री शक्ति पीठ के पुराने हो चुके भवन के स्थान पर पांच मंजिलो वाली भव्य मंदिर भवन का निर्माण हो रहा है। इस के लिए लोग खुले हाथों से दान दे रहे है। मंदिर के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या, उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन सहित मंदिर के वरिष्ठ जयंती भाई पटेल, नन्द किशोर सुरजन आदि द्वारा मंदिर को खुले हाथों से दान देने वाले विनय शुभदा महोबिया, पोखन कमला सिन्हा, गोविंद भाई पटेल, ईश्वर भाई पटेल, विट्ठल भाई पटेल, जयंती भाई, श्रीमती रामबती डडसेना, श्रीमती गीता वाडेकर, श्यामचरण गुप्ता, ओम प्रकाश लड्ढा सहित इन्दू बहन जी लश्करे बहनजी का सम्मान मंत्रचादर ओढ़ाकर तथा गुरूदेव के लिए साहित्य भेट कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित गायत्री महायज्ञ का वेदोक्त विधि से संचालन श्रीमती जयंती साहू ने किया वही साम गायन-वादन, पुरोहित, ब्रहमानंद, सुखमन अली द्वारा की गई। इस दौरान मंदिर के पूर्व व्यवस्थापक जुगल किशोर लड्ढा, वर्तमान व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश, पुरोहित सुंखनंदन जी देवशरण जी, टिकेन्द्र ठाकुर, श्रीमती राधा लड्ढा, श्रीमती अंजली कोशा, रूपाली गांधी, हरिश गांधी, गगन लड्ढा, हिरेन ठक्कर सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन व सनातन धर्मावलम्बियों की उपस्थिति रही कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया।

# निगम आयुक्त ने बाढ़ नियंत्रण के लिये टीम गठित की

- 24 घंटे के लिये अमले की तैनाती, कंट्रोल रूम टांकाघर में

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये निगम अधिकारियो एवं कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपा है। निगम आयुक्त ने उक्त नियंत्रण कार्य के लिये तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगायी है और निगम का अमला अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये 24 घंटे रोकथाम के उपाय,पानी भराव को रोकने सहित प्रभावितो के आवास की व्यवस्था का कार्य करेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके को नोडल अधिकारी वार्ड नं. 1 से 30 तक व प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव वार्ड नं. 31 से 51 तक एवं सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है तथा सफाई के लिये स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है, इनके सहयोगी का दायित्व स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव व प्र.स्वच्छता निरीक्षक श्री भूषण मेश्राम को सौपा गया है। इसके अलावा प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती एवं उप अभियंताओं को शिफ्ट प्रभारी बनाया गया है, इनके सहयोगी के लिये कर्मचारियों को भी दायित्व सौंपा गया है। जो तीनों शिफ्ट में प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक, शाम 4 से रात्रि 12 बजे तक व रात्रि 12 बजे से सुबह 8 बजे तक कार्य करेंगे।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि वर्षा ऋतु में पानी भरने वाले स्थानो की सूची बनाने तथा रोकथाम के उपाय एवं सुझाव के लिये स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा व स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को जवाबदारी दी गयी है। वही लेबर व्यवस्था व रेत की बोरियों की व्यवस्था का दायित्व उप अभियंता डागेश्वर कर्ष व युगराज कोमरे व मोहारा फिल्टर प्लांट के लक्ष्मीकांत देवांगन को सौंपा गया है। इसी प्रकार रैनकोट,गैती,फावड़ा तगाड़ी आदि की व्यवस्था किये जाने के लिये समयपाल श्री योगेश पदमाकर व श्री चिराग मेश्राम एवं विद्युत व्यवस्था के लिये सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम को निर्देश दिये गये है। आकस्मिक वाहन व्यवस्था हेतु मोटर विभाग के सुरेन्द्र साव व स्कूल में ठहरने की व्यवस्था के लिए राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षकों की ड्यूटी लगायी गयी है।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि मोटर प्रतिपालन विभाग को बाढ़ नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम बनाया गया है और इसमें फोन नं. 07744-296001 में शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये भी सूचना दी जा सकेगी। कंट्रोल रूम का प्रभारी किशन गावरे लाईनमेन को बनाया गया है। श्री गावरे को निर्देशित किया गया है कि शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये सूचना प्राप्त होते ही यथा समय अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करेंगे तथा इस संबंध में एक पंजी का संधारण करेगें। जिसे समय-समय पर अवलोकन हेतु प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि बाढ़ पीड़ितो के आवास हेतु डॉ. आम्बेडकर मंगल भवन,शाला भवनों एवं शासकीय भवनों को सुरक्षित रखा जा रहा है तथा प्रत्येक शिफ्ट प्रभारी को टार्च, रस्सी, गैती, फावड़ा एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये गये है।

# शक्तिधाम में मनाया गया गुरू पूर्णिमा महोत्सव

## आस्था मूकबधिर शाला में प्रसादी व लेखनी सामग्री वितरण



राजनांदगांव (दावा)। शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर बाबुटोला में गुरू-शिष्य परंपरा का पावन पर्व गुरुपूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रातः गुरुचरण वंदन पश्चात गुरुपूजन किया गया। इस पावन अवसर पर शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा आस्था मूकबधिर शाला में बच्चों को प्रसादी व लेखनी सामग्री वितरण किया गया।

शहर के वार्ड क्रमांक-1, बाबुटोला में शक्तिधाम महाकाली मंदिर में गुरू पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा पर सर्वार्थ सिद्धि और प्रीति योग के संयोग से यह पर्व और भी शुभ और महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इसी दिन से संन्यासी चातुर्मास का प्रारंभ भी होगा, जो विशेष महत्व रखता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व विशेष रूप से गुरूरू-शिष्य परंपरा को समर्पित है। इस दिन शिष्य अपने गुरु की पूजा करते हैं और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं। आज प्रातः अघोराचार्य बाबा कीनाराम जी का अघोर आरती पश्चात शिष्यों व श्रद्धालुओं द्वारा पूज्य गुरुदेव हरीश यादव का दर्शन-पूजन किया गया।

शिष्यों के द्रवित नयन से भाव-विभोर गुरुपूजन देख सभी की आंखे भर आयी। गुरू पूजन पश्चात शिष्यों के मार्गदर्शन के लिए गुरूजी ने आशीर्वचन कहे। दोपहर बाद भोजन प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर गुरुदेव हरीश यादव के द्वारा 37 लोगों को गुरू दीक्षा दिया गया एवं एक पेड़ गुरू के नाम के तहत सभी नए दीक्षित व पुराने सदस्यों को गुरुजी द्वारा पेड़ भेंटकर संरक्षण करने कहा गया । वहीं आस्था मूकबधिर शाला में भी बच्चों को लेखनी सामग्री व प्रसादी वितरण किया गया।


**dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में**

शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म

मोहित साहू कृत

**हण्डा**

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



paytm book my show

**SILVER SCREEN MULTIPLEX**

19th July to 25th July 2024




Handa (C.G)- 12:15, 03:15, and 06:15 pm

Sarfira - 12:00, 03:00 and 09:30 pm

Bad Newz - 12:30, 03:30, 06:30 & 09:00 pm

Kalki 2898 AD - 06:00 and 09:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र.156146/निविदा सूचना क्र.02/वलेलि/2024-25,

डोंगरगांव, दिनांक 19.07.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 12.08.2024 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**कार्य का नाम-** राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड छुरिया की झूरा नदी में नागरकोहरा एनीकट निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत- रू. 265.29 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26.07.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगांव**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.**

**जी- 242501239/4**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्रमांक 202407093100005**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सनः-2023-24

गाताटोला प.ह.नं. 00006 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-मनुक राम कंवर

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मनुक राम कंवर आ. प्रीतराम कंवर जाति कंवर निवासी ग्राम बेलगांव कृषक ग्राम गाताटोला तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पत्नी ललेश्वरी बाई पति मनुक राम कंवर की मृत्यु दिनांक 20.06.1994 को ग्राम गाताटोला में हुआ है भूलवश स्थानीय रजिस्टार के पास मृत्यु तिथि दर्ज नहीं कराया गया है अतः पत्नी ललेश्वरी बाई पति मनुक राम कंवर की मृत्यु तिथि दर्ज किये जाने स्थानीय रजिस्टार को आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन मय अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ पेश किया है।

उक्त आवेदन के आधार पर मृत्यु तिथि दर्ज किये जाने में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05-08-2024 को शाम 05:30 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/07/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**तहसील डोंगरगांव**

# जीवनदान सेवा संस्था द्वारा डाक कावड़ यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। जीवनदान सेवा संस्था के द्वारा पिछले वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सावन माह के प्रथम सोमवार को डाक कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जो प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

प्रथम सोमवार को आयोजित डाक कावड़ यात्रा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता प्रमुख विष्णु साव, विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा प्रमुख राजबहादुर सिंह ने सुबह 5.30 पूजा अर्चना करके शुभारंभ किया यह यात्रा बागेश्वर धाम मंदिर जाकर पूर्ण श्रद्धा भाव से बाबा का अभिषेक किया गया यह यात्रा द्वितीय सोमवार 28.7.2024 को शिवनाथ नदी मोहरा तट से सुबह 5.30 बजे प्रारंभ की जाएगी एवं मां शीतला मंदिर में अभिषेक किया जाएगा।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के

2-6-9

690-5 267-5

राजधानी

2-5-8

134-8 579-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### महापौर एवं आयुक्त शहर का भ्रमण कर पानी भरान क्षेत्रों का लिया जायजा

# नालों के फंसे कचरे जेसीबी से हटवाए एवं पानी भरान क्षेत्र से पानी को कच्ची नाली खोदकर निकासी के निर्देश





राजनांदगांव (दावा)। शासन की मंशानुरूप शहर की ड्रेन व्यवस्था सुचारू रूप से चले एवं बारिश में पानी भरान व अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करने नगर निगम द्वारा बरसात के पूर्व शहर के बड़ो एवं प्रमुख नालों एवं पानी भरान स्थल की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गयी है और वर्तमान में सफाई जारी है। लगातार बारिश होने पर कल शाम रविवार को महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं आयुक्त अभिषेक गुप्ता पानी भरान क्षेत्रों में कैलाश नगर, गंज चौक, जनता कालोनी, नंदई, इंदिरा नगर सहित शहर में भ्रमण किये एवं शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्र के नाली नालों की सफाई का निरीक्षण कर जेसीबी से नालो में फसे कचरे निकलवा पानी भरान क्षेत्र से कच्ची नाली खोद कर पानी निकासी करवाए।

महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता रविवार शाम को अत्यधिक बारिश होने पर शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में पानी भरान की स्थिति का जायजा लिया और पानी भरे क्षेत्रों से जेसीबी के माध्यम से तथा निगम अमला से पानी निकासी कराये। उन्होंने कैलाश नगर में पानी भरने पर नाला के उपर कलवट तोडकर पानी निकासी कराने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये, वही इंदिरा नगर के नाला व नाली में कचरा फसने पर जेसीबी के माध्यम से नाले में फसे कचरे को निकलवाकर सफाई कराए तथा पानी भरे स्थलो से कच्ची नाली खोद कर निकासी कराया। उन्होंने कहा कि निचली बस्तीयों में अल्प वर्षा में पानी भरान की स्थिति निर्मित हो जाती है, अतः ऐसे क्षेत्रों में नियमित रूप से नाली नालो की सफाई कराए तथा शहर के बड़े नाला व नालियो की अच्छे तरीके से सफाई करें, जिससे पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो।

महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि गढ्डो में पानी भरान वाले जगह से कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी कराया जाये। सभी वार्डो में नियमित रूप से साफ सफाई कर कचरा उठाया जाये। सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में पानी भरान क्षेत्र को चिन्हांकित कर उच्च अधिकारी को अवगत कराये, जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर जिला योजना समिति के सदस्य अमिन हुद्दा, उपअभियंता अनिमेष चंद्राकर, तिलक राज ध्रुव व अनुप पाण्डे तथा निगम का अमला उपस्थित था।

# गुरु कुम्हार, सुनार, लोहार की तरह व्यक्ति को गढ़ने का कार्य करते है- स्वामी आनंद चैतन्य




**गुरु शिष्य को ब्रह्म का साक्षात्कार कराते है**


राजनांदगांव (दावा)। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूजन कार्यक्रम श्री अग्रसेन भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोणित ब्रह्मनिष्ठ अनंत विभूषित श्री 1008 आनंद कृष्ण धाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति का गुरु के बिना भवसागर से पार पाना असंभव है। गुरु व्यक्ति को मनुष्य बनाता है, जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी को आकार देकर घड़ा इत्यादि का स्वरूप देता है, सुनार सोने को आकार देता है अथवा लोहार लोहे को आकार देता है, उसी प्रकार गुरु व्यक्ति को गुरु मंत्र देकर नया जीवन देते है। व्यक्ति के हर क्रिया में उठने से लेकर सोने तक एवं जन्म से लेकर मृत्यु तक गुरु का महत्व होता है। गुरु पुनः मृत्यु से छुटकारा दिलाकर मोक्ष प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करते है। गुरु मंत्र के माध्यम से गुरु व्यक्ति को परमेश्वर के प्रति लगन जागरण करके भजन, सत्संग, उपासना की ओर मोड़ देते है, जिससे व्यक्ति परमेश्वर का साक्षात्कार कर मोक्ष की प्राप्ति कर लेता है।

गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पूज्य स्वामी जी ने आगे कहा कि जीवन में पैसा सबकुछ नहीं है, पैसे से जीवन नहीं खरीदा जा सकता। इसे हमने पिछले कोरेना काल के समय अनुभव किया है। एक उदाहरण के माध्यम से स्वामी जी ने कहा कि जिस प्रकार गीले कपड़े को उतारने में श्रम अधिक लगता है, किंतु सूखे कपड़े को उतरना सरल होता है क्योंकि सुखा कपड़ा उपासना, साधना है जिससे उसका वजन हल्का हो जाता है। मानस के दृष्टांत को बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि बिना गुरु के जीवन का कोई महत्व नहीं है। व्यक्ति को भवसागर के पार पहुंचने के लिए गुरु दीक्षा लेना आवश्यक है। सदगुरु सच्चा वैद्य होता है। जिस प्रकार वैद्य दवा के द्वारा व्यक्ति को स्वस्थ करता है, उसी प्रकार गुरु सूक्ष्म शरीर के मन, चित्त एवम वृति को ठीक कर देते है। गुरुमंत्र से अज्ञानता दूर हो जाती है। गुरु निष्ठा औषधि का कार्य करती है।

पूज्य स्वामी जी ने आगे कहा कि व्यक्ति के जीवन में कितने भी असंभव कार्य क्यो ना हो, गुरु शरण में जाने से संभव हो जाते है। पूज्य स्वामी जी ने कहा कि वेदव्यास जी ने वेद की रचना की तब वेद पूर्ण होने पर कुछ स्याही बच गई। मां सरस्वती ने व्यास से पूछा कि इस स्याही का क्या करें, तब व्यास जी ने कहा कि बचत स्याही संत, महात्माओं को दे देवे। ऐसे संत - महात्मा उक्त स्याही से दिक्षित शिष्य के भाग्य में लिखे कष्ट, दुख, परेशानियों को दूर करने भाग्य के लिखे को संशोधित कर सकते है। भगवान कहते है कि उन्होंने व्यक्ति के भाग्य में जो लिख दिया उसे वे बदल नहीं सकते, किंतु एक गुरु ही है जो मां सरस्वती से मिली स्याही से भाग्य को संशोधित करने की ताकत रखते है। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरु का होना आवश्यक है। गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूजन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालने के पश्चात पूज्य स्वामी जी द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जी एवम सदगुरुदेव भगवान का विधि विधान से पूजन किया गया। नन्ही सी बच्ची काव्या निरंजन नाथ शर्मा ने निर्भीक होकर मंच पर गुरु भक्ति का भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया, तत्पश्चात लगभग 270 शिष्यों ने एक एक कर पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवम गुरु प्रसादी ग्रहण की। आभार गौरीशंकर शर्मा ने व्यक्त किया।

# भाजपा निगम की सत्ता हथियाने परिसीमन को बना रही हथियार - नीरज कन्नौजे

### कहा - अनैतिक तरीके से परिसीमन से जनता भी नाराज



राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व कांग्रेस के युवा नेता नीरज कन्नौजे ने अपने एक जारी बयान में कहा कि शहर के सभी 51 वार्ड के परिसीमन के आदेश से जनता में नाराजगी देखी जा रही है। कांग्रेस ने वार्डो के परिसीमन को लेकर राज्य की सत्ताधारी भाजपा को ही कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा को इसका सही-सही जवाब देना मुश्किल हो रहा है। श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि पूर्ववर्तीय कांग्रेस सरकार द्वारा कराया गया परिसीमन ही उचित था। लेकिन भाजपा को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के परिसीमन से खुद को नुकसान होता नजर आ रहा है। इसलिए भाजपा नगरीय निकायों के सत्ता हथियाना परिसीमन को हथियार बना लिया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार आम जनता को उनकी समस्याओं से भटकाकर परिसीमन के मुद्दे पर उलझाना चाहती है। वार्डों में बिजली, पानी, सड़क, सफाई, नाली आदि की व्यवस्था फेल साबित हो रही है। मौजूदा बरसात में नगरीय निकायों में इसी तरह की बुनियादी समस्याएं व्याप्त है और सरकार को और भाजपा सरकार को अपने संभावित पार्षद प्रत्याशियों को परिसीमन के बहाने लाभ पहुंचाने की सुझी है। जनता भाजपा सरकार की मंशा को आवश्य समझा रही है। आने वाले नगरी निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को सबक सीखकर इसका जवाब देगी। 2011 की जनगणना को आधार बनाकर परिसीमन किया जा रहा है। जबकि अभी वार्डों की जनसंख्या काफी बढ़ चुकी है। इसलिए परिसीमन करना बेमानी भी है। उन्होंने राज्य सरकार को सलाह दी है कि वह परिसीमन पर ध्यान केंद्रित न करके नगर के विकास एवं कर्मचारियों की वेतन आदि सुविधाएं बढ़ने पर ध्यान दें साथ ही रिक्त पदों पर नियुक्ति करें तथा बहुत पुराने हो चुके अफसरो का तबादला कर भ्रष्टाचार पर लगाम कसे।

# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ छुरिया के अध्यक्ष बने संजीव



छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लाक इकाई छुरिया का गठन हुआ जिसमें युवा पत्रकार संजीव गुप्ता को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने श्री गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नियुक्ति पश्चात अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने कहा कि सर्वसम्मति से जल्द ही अन्य पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। इस अवसर पर राजनांदगांव जिला प्रभारी ललित साहू, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष राम साहू एवं राधेश्याम शर्मा, शीशपाल साहू, रोहित सिन्हा, अकील मेमन, मनभावन उइके, कैलाश गुप्ता, ताहिर खान, मुजम्मील खान, मुकेश साहू, उपस्थित थे।

# ज्ञान के प्रकाश स्तंभ 'गुरु' - विनय पटेल

राजनांदगांव (दावा)। गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगांव में 22 जुलाई 2024, दिन



सोमवार को गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, प्राचार्य डी. आर. नावेलकर, पालकगण एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। गुरु पूर्णिमा के खास अवसर पर बच्चों द्वारा अपने शिक्षक/गुरु के प्रति आभार व्यक्त किया गया। शिक्षकों द्वारा भी बताया कि आपके गुरु की शिक्षाएँ आपको धर्म और सफलता के मार्ग पर ले जाती है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाने नगर कोसरिया यादव समाज की हुई बैठक



**नगर में दो दिनों तक मनाया जाएगा श्रीकृण जन्माष्टमी का पर्व**

राजनांदगांव (दावा)। नगर कोसरिया यादव समाज द्वारा 21 जुलाई को बसंतपुर सामुदायिक भवन मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाने बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रतिवर्षानसार इस वर्ष भी कृष्ण जन्मोत्सव पर्व धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सर्वप्रथम यादव समाज के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पर दो दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाने हेतु सविस्तार चर्चा किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति का गठन से लेकर श्री कृष्ण जन्माष्टमी, शोभा यात्रा मे वार्डो से निकलने वाली झांकी को आरंभ से समापन स्थल तक व्यवस्था बनाए रखने की रुपरेखा तैयार की गई।

समाज प्रमुख नारायण यादव, मन्ना यादव, वासुदेव यादव, मन्नू यादव आदि की उपस्थिति में आयोजित बैठक में बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम का पंजीयन एवं जन्माष्टमी पर्व तक वार्डो की बैठक सम्पन्न करने तथा गोटियागणों से संपर्क व बैठक की सूचना पर प्रमुखों व सदस्यों को निमंत्रण दिए जाने सहित महिला, युवा व समाज के वरिष्ठों को अधिक से अधिक संख्या मे सहभागिता निभाने व कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

बैठक मे उपस्थित नगर गौटियागणों व नगर पदाधिकारियों ने खुले रुप में हर्ष के साथ अपनी बात रखी।

इस दौरान जमातपारा संगठन के प्रमुखों ने जमातपारा मे 4 अगस्त को बैठक किए जाने व नंदई, गौटियागणो ने 11 अगस्त को नंदई मे बैठक की सूचना नगर कोसरिया यादव समाज को दी है।बैठक में कहा गया कि शहर के वार्ड गौरीनगर, चिखली, शंकरपुर, नवागाव, बसंतपुर में बैठक सम्पन्न कर कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी पर समीक्षा की जावेगी।

नगर कोसरिया समाज की उक्त बैठक उपरोक्त समाज प्रमुखों के अलावा रवि यादव, बसंत यादव, राजेश यादव, बली यादव, पूना यादव, रेखु यादव अर्जुन यादव राजीव यादव, प्रकाश यादव, अरुण यादव, छबि यादव, मुकेश यादव, शेखर यादव, रामकृष्णा यादव, तीरथ यादव, श्रीमति मंजु यादव, मधु यादव, सुनीता यादव, बुधिया यादव, हिरौंदी यादव, संतोषी यादव, शीला यादव, रजनी यादव, दुर्गा यादव, कामनी यादव, फिरन्तीन यादव, भोला यादव आदि की उपस्थिति रहै।

# 'श्री राम' वाटिका में शिव मंदिर के लिए हुआ भूमिपूजन

### पार्षद पिल्ले सहित वार्ड की महिलाओं ने लिया हिस्सा



राजनांदगांव (दावा)। न्यू खंडेलवाल कॉलोनी, ममता नगर वार्ड क्रमांक 18 में निर्मित गार्डन, श्री राम वाटिका में शिव मंदिर निर्माण हेतु आज भूमि पूजन संपन्न हुआ। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को पार्षद श्री पिल्ले ने मंदिर निर्माण का संकल्प लिया। वार्ड क्रमांक 18 न्यू खंडेलवाल कॉलोनी, ममता नगर वासियों को जल्द ही भोले भंडारी का मंदिर परिवार सहित मिलने जा रहा है। इस हेतु वार्ड पार्षद संतोष पिल्ले ने आज शुभ मुहूर्त में वार्ड वासियों के साथ भूमि पूजन किया। पार्षद श्री पिल्ले ने कहा कि यथा संभव मंदिर का निर्माण श्रावण मास में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। भूमिपूजन में शामिल श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरषों ने हर-हर महादेव के जयकारे के साथ मंदिर निर्माण के लिए संकल्पित पार्षद का धन्यवाद किया।

# झूलेलाल मंदिर परिसर में विश्व जागृति मिशन मंडल ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया



राजनांदगांव (दावा)। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि ने सद्गुरु कृपा छाया धाम झूलेलाल मंदिर परिसर में विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया सर्वप्रथम गणेश वंदना करते हुए मुख्य अतिथि निर्भय लालगढ़पायले द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया समस्त गुरु भक्तों ने गुरु चरण पादुका पूजन कर सद्गुरु सुधांशु जी महाराज को दंडवत प्रणाम किया उपस्थित गुरु भक्तों ने अपने प्यारे सद्गुरु सुधांशु जी महाराज को अपने 1 वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत कर गलतियों के लिए क्षमा याचना की विश्व मंगल कल्याण की कामना करते हुए सद्गुरु से आशीर्वाद मांगा अपने मन की एक बुराई का त्याग करते हुए सद्गुरु द्वारा दिखाएं मार्ग पर चलकर सदा सत्कर्म परोपकार एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया 21 दीपो से सुसज्जित दीपमालिका से सद्गुरु सुधांशु जी महाराज की महाआरती उतारी गई तक पश्चात सभी उपस्थित भक्त जनों ने भंडारा महाप्रसाद ग्रहण किया राजनांदगांव विश्व जागृति मिशन के अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतावनी ने उपस्थित समस्त गुरु भक्तों को गुरु पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आयोजन को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल, जितेंद्र शर्मा, डीसी कोरी, भगवान जी भाई पटेल, महेश खंडेलवाल का विशेष योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनंदगांव मंडल संस्था सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

### मिथिलाधाम मंदिर में शिवलिंग पर कांवरियों द्वारा जलाभिषेक किया



राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास प्रथम सोमवार मिथिलाधाम मंदिर प्रांगण मे स्थापित बाबा बैद्यनाथ शिवलिंग पर कांवरियों द्वारा शिवगंगा घाट मोहारा शिवनाथ नदी से जल लाकर शिवालय मे जलाभिषेक किया यह क्रम पूरे श्रावण मास पूर्णिमा तक अनवरत चलेगा। अशोक चौधरी ने बताया कि वयोवृद्ध पंडित उग्र नारायण झा के द्वारा यजमान मनोज चौधरी से पूरे श्रावण मास दूग्धाभिषेक कराया जायेगा।

# कलेक्टर ने ली लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत मंडल, क्रेडा एवं नगर पंचायत के अधिकारियों की बैठक



मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत मंडल, क्रेडा नगर पंचायत के अधिकारियों की बैठक लेकर यहां संचालित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों कों जल संरक्षण, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, निर्बाध रूप से विद्युत प्रवाह, स्वच्छता के क्षेत्र में जन सरोकार को ध्यान में रखकर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। ग्राम पंचायत में शुद्ध पेयजल के लिए बनाये गये पानी टंकी निर्माण कार्य को पूर्णगुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जल आपूर्ति के लिए संचालित नया मोटर पंप संचालन के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर किसी एक व्यक्ति को नियुक्त करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जल संरक्षण की दिशा में कार्य योजना बनाकर ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कराएं। जल संरक्षण व स्वच्छता के लिए जन जागरूकता लाने के साथ ही इसके स्थायित्व के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। जल आपूर्ति के लिए प्रगतिरत सभी पानी टंकी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत के सभी घरों में जल आपूर्ति के लिए बिछाये गये पाईप लाईन को शीघ्र प्रारंभ करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि स्थानीय स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जितने भी जल स्रोत हैं उनका संरक्षण व संवर्धन करें। इसी प्रकार स्थानीय स्तर पर स्वच्छता को प्राथमिकता में लेते हुए नालों की साफ-सफाई एवं कचरा निष्पादन के लिए कार्य योजना बनाने कहा है। उन्होंने बैठक में ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाईट संचालन के लिए प्राथमिकता से कार्य करने कहा है। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि बिना किसी वजह से कार्य को रोकने वाले ठेकेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई किया जाये। कलेक्टर ने वर्षा ऋतु के दौरान निर्बाध रूप से ग्राम पंचायत में विद्युत आपूर्ति हो, अनावश्यक रूप से विद्युत कटौती ना हो, इस पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। सिंचाई पंपों के लिए मांगे गए विद्युत कनेक्शन, घरेलू विद्युत कनेक्शन संबंधी प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करने कहा गया है। जल आपूर्ति व सिंचाई के लिए विद्युत प्रवाह बिना किसी अवरोध के साथ प्रवाहित करने व अघोषित विद्युत कटौती न हो इस पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। विद्युत प्रवाह के लिए विद्युत लाइन से लगे पेड़ों की कटाई, सुरक्षा उपाय के साथ करने के निर्देश दिए हैं। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत सभी वार्ड एवं गलियों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। प्लास्टिक एवं कचरा प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाने की निर्देश दिए हैं। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय ए.पी शर्मा अनुविभागीय अधिकारी मोहला, महेश साहू अनुविभागीय अधिकारी अं.चौकी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> *परिवर्तन संसार का नियम है। यहां सब बदलता रहता है। इसलिए सुख-दुख, लाभ -हानि, जय-पराजय मान-अपमान आदि में भेदों में एक भाव में स्थित रहकर हम जीवन का आनंद ले सकते हैं।*

## गरिमा बनाम गुनाह, उच्च पदों की मर्यादा को बनाए रखने के लिए कार्य और व्यवहार में संतुलन जरूरी

सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक मामलों में संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या कर मनमानी लाभ लेने वालों पर नकेल कसी है, इसलिए इस मामले में भी लोगों को उम्मीद बनी है कि संवैधानिक संरक्षण की आड़ में राज्यपालों के अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल व्यवहारों पर रोक लगाने का कोई व्यावहारिक रास्ता निकल सकेगा।

संवैधानिक पदों का निर्वाह करने वाले लोगों को आपराधिक मामलों में सुनवाई, सजा आदि से इसलिए संरक्षण प्रदान किया गया है कि इससे उस पद की गरिमा आहत हो सकती है। ऐसे लोगों से भी यह स्वाभाविक अपेक्षा रहती है कि वे उस पद की गरिमा के अनुरूप आचरण करें। मगर इस तकाजे की कई बार अनदेखी की जाती है। खासकर राज्यपालों के कार्य और व्यवहार को लेकर अनेक मौकों पर अंगुलियां उठी हैं। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पर राजभवन में काम करने वाली एक महिला ने आरोप लगाया कि उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया और राजभवन के अधिकारियों ने उसे राजभवन में बंधक बनाए रखा।

मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया। अदालत ने कहा कि राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत आपराधिक मामलों में संरक्षण प्राप्त है। उन पर तब तक कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, जब तक वे अपने पद पर हैं। तब पीड़िता ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई कि अनुच्छेद 361 के खंड दो में राज्यपालों को दी गई छूट में मामले की जांच पर रोक का कोई उल्लेख नहीं है। यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में जांच में देरी पीड़िता को न्याय दिलाने में बाधा है। सर्वोच्च न्यायालय इस मामले के मद्देनजर अनुच्छेद 361 की समीक्षा को राजी हो गया है।

सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक मामलों में संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या कर मनमानी लाभ लेने वालों पर नकेल कसी है, इसलिए इस मामले में भी लोगों को उम्मीद बनी है कि संवैधानिक संरक्षण की आड़ में राज्यपालों के अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल व्यवहारों पर रोक लगाने का कोई व्यावहारिक रास्ता निकल सकेगा। साथ ही इस सिद्धांत की रक्षा होगी कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच टकराव के अनेक मौके देखे गए और उनमें से कई में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल के अधिकारों की व्याख्या करते हुए उनकी राजनीतिक सक्रियता पर विराम लगाया, उससे भी सर्वोच्च न्यायालय के ताजा कदम पर सबकी नजर रहेगी।

यों राज्यपालों की नियुक्तियों को लेकर ही लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। सक्रिय राजनीति में लंबा समय बिता चुके लोगों को राज्यपाल पद की जम्मेदारी सौंपी जाती है, तो वे राजभवन में रहते हुए भी अपने दल और केंद्र सरकार की इच्छाओं के अनुरूप काम करते देखे जाते हैं। यही वजह है कि जहां उन्हें राज्य की चुनी हुई सरकार के साथ तालमेल बिठा कर फैसले करने चाहिए, वे नाहक उसके काम में अड़ंगा लगाना शुरू कर देते हैं। पश्चिम बंगाल में भी लंबे समय से यही देखा जा रहा है। इसी आधार पर राज्यपाल शुरू में अपने ऊपर लगे आरोप को राज्य सरकार की साजिश कह कर खारिज करने का प्रयास करते रहे। मगर मामला इतना हल्का है नहीं।

किसी राज्यपाल पर छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न का आरोप उस पद की गरिमा को चोट पहुंचाने जैसा है। ऐसे मामलों की सच्चाई तो किसी भी हाल में उजागर होनी चाहिए। उसकी जांच को केवल इसलिए नहीं रोक दिया जाना चाहिए कि राज्यपाल को आपराधिक मामलों में संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है। लेकिन अगर राज्यपाल के अधिकारों को ऊपर रखा जाएगा, तो आरोप लगाने वाली महिला के न्याय के अधिकार की रक्षा कैसे हो पाएगी। इन्हीं सब सवालों के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय राज्यपाल को मिले संरक्षण की समीक्षा करेगा। स्वाभाविक अपेक्षा है कि च्कानून की नजर में सब बराबर हैंज् का सिद्धांत सर्वोपरि माना जाएगा।

# आम बजट 2024 : पीएम मोदी के लिए जो चुनौतियां पड़ने वाली हैं भारी

**विवेक कौल**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करेंगी. नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा. पिछले वित्त वर्ष अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 फ़ीसदी की दर से बढ़ी है.लेकिन निजी उपभोग खर्च में बहुत कम चार फ़ीसदी की वृद्धि हुई है. यह वो ख़र्च है, जो भारत के लोग वस्तुओं और सेवाओं पर ख़र्च करते हैं.अगर अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक की कोरोना महामारी के समय को छोड़ दें तो यह अप्रैल 2002 से मार्च 2003 के बाद निजी उपभोग व्यय में सबसे कम वृद्धि है.निजी उपभोग पर ख़र्च में कमी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है.

केंद्रीय बजट में इसका समाधान निकालना ज़रूरी है.सरकार लोगों के हाथों में ज़्यादा पैसा देकर इस चुनौती से निपट सकती है.इस लक्ष्य को कई तरीक़ों से हासिल किया जा सकता है. केंद्र सरकार पेट्रोल-डीज़ल की बिक्री पर जो टैक्स ले रही है, वो काफ़ी ज़्यादा है.एक जुलाई 2024 को दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की क़ीमत 94.72 रुपये थी.इसका पांचवां हिस्सा केंद्र सरकार अलग-अलग टैक्स के तौर पर जनता से ही लेती है.इसी तरह केंद्र सरकार डीज़ल पर भी 18 फ़ीसदी टैक्स लेती है.इन टैक्स में कटौती करके सरकार लोगों के हाथों में और अधिक पैसा दे सकती है.इससे खुदरा महंगाई दर में कमी लाने में भी मदद मिलेगी. खुदरा महंगाई दर इस साल जून में 5.1 फ़ीसदी थी.इसके अलावा, केंद्र सरकार को आयकर में कटौती करने या इनकम टैक्स स्लैब बढ़ाने पर विचार करना चाहिए.अगर लोग औसतन कम इनकम टैक्स जमा करेंगे, तो वो ज़्यादा खर्च कर सकेंगे.वित्त वर्ष 2021-22 के आँकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक 6.85 करोड़ लोगों ने इनकम टैक्स रिटर्न फ़ाइल किया था.इसमें से 4.2 करोड़ लोगों ने सिर्फ रिटर्न फ़ाइल किया और कोई टैक्स नहीं दिया था. वहीं दो करोड़ लोगों ने डेढ़ लाख रुपये तक इनकम टैक्स दिया.हालांकि क़रीब 62 लाख लोगों ने डेढ़ लाख रुपये से ज़्यादा टैक्स दिया. यह संख्या काफ़ी कम है.इसलिए इनकम टैक्स में कटौती के ख़िलाफ़ यह तर्क दिया जाता है कि इससे उपभोग को बढ़ाने में कोई ख़ास मदद नहीं मिलेगी.जबकि सच है कि यहाँ भी कुछ बारीकियाँ हैं.सबसे पहले, भारत में आम तौर पर एक घर में केवल एक व्यक्ति कमाता है.औसतन, एक भारतीय घर में पाँच व्यक्ति होते हैं. इसलिए अगर आयकर में कटौती होती है, तो न केवल इनकम टैक्स देने वालों के ख़र्च करने की शक्ति बढ़ेगी बल्कि उनके परिवार कुल मिलाकर अधिक ख़र्च करने में सक्षम होंगे.यह संख्या करीब 62 लाख लोगों की तुलना में काफ़ी अधिक है, जो डेढ़ लाख रुपये से अधिक इनकम टैक्स देते हैं.दूसरा, आबादी का वह हिस्सा जो इनकम टैक्स देता है, वह वास्तव में अधिक ख़र्च करने के लिए सबसे बेहतर स्थिति में है.यह देखते हुए कि एक व्यक्ति का ख़र्च, दूसरे व्यक्ति के लिए आमदनी है, उन्हें अधिक ख़र्च करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए.कोई भी सरकार कम समय में लोगों को अधिक ख़र्च करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए केवल इतना ही कर सकती है.निजी उपभोग के ख़र्च में कमी के अलावा भारतीय अर्थव्यवस्था, निजी कॉर्पोरेट निवेश में स्थिरता की समस्या से भी जूझ रही है.हाल ही में च्द हिंदूज् अखबार में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक़, अप्रैल से जून 2024 के दौरान कॉरपोरेट्स ने नई निवेश योजनाओं के बारे में घोषणा की है, वो दो दशक में सबसे कम है.उपभोग बढ़ने की संभावनाओं और कॉर्पोरेट निवेश में वृद्धि के बीच एक स्पष्ट संबंध है.कॉर्पोरेट तभी ज़्यादा पैसा निवेश करना चाहेगा, जब उपभोक्ताओं में उनके



प्रोडक्ट्स की मांग अच्छी हो.फ़िलहाल उन्हें ऐसा नहीं दिख रहा है. इसलिए निजी उपभोग को पहले की तरह बढ़ाना और भी अधिक ज़रूरी हो जाता है.यह सच्चाई है कि अपने सार्वजनिक भाषणों में कॉर्पोरेट मालिक भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावनाओं के बारे में बात करते रहते हैं. लेकिन वह अपना पैसा निवेश नहीं करते हैं.

यह हमें भारतीय युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियों की कमी की ओर ले जाती है, जो तीसरी बड़ी समस्या है.सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के अनुसार, साल 2023-24 में लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एलएफ़पीआर) 40.4 फ़ीसदी रही, जो उससे पहले साल 2022-23 में 39.4 फ़ीसदी से बेहतर है.लेकिन यही दर साल 2016-17 के 46.2 फ़ीसदी थी.एलएफ़पीआर, कुल आबादी में 15 साल की उम्र से अधिक लेबर फोर्स यानी श्रम बल में वो तमाम लोग आते हैं, जो कहीं काम कर रहे हैं या बेरोज़गार हैं.इसमें वो लोग भी आते हैं जो काम करना चाहते हैं और रोज़गार की लगातार तलाश में हैं.आसान शब्दों में कहें तो कई लोग जिन्हें नौकरी नहीं मिलती है, वो नौकरी ढूंढना छोड़ देते हैं.यह भी याद रखने की ज़रूरत है कि साल 2023-24 में जनसंख्या, साल 2016-17 से कहीं ज़्यादा है. इसका मतलब यह है कि वर्क-फ़ोर्स से बाहर होने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़ी है.

दूसरी तरफ़, रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक़, साल 2019-20 से 2023-24 के आख़िर तक, क़रीब 10.9 करोड़ नौकरियां निकलीं.आरबीआई डेटा के अनुसार, 4.3 करोड़ नौकरियां महामारी के दौरान साल 2020-21 और 2021-22 के बीच पैदा हुई हैं.लेकिन असल में ये आंकड़े हक़ीक़त से काफ़ी दूर हैं.अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर सस्टेनेबल एम्प्लॉयमेंट के प्रमुख अमित बसोले ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया, ÷मैं उन्हें नौकरियां नहीं कहूंगा. वे लोग नौकरी नहीं मिलने की वजह से कृषि और ग़ैर-कृषि सेक्टर में खुद का काम कर रहे हैं.÷यह हमें फिर से निजी उपभोग वृद्धि में आई कमी के मुद्दे पर वापस लाता है.कम समय में जब तक निजी उपभोग में वृद्धि नहीं होगी, निजी निवेश नहीं बढ़ेगा.इसका मतलब है कि वर्क-फोर्स में आने वाले युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं होंगी.यही कारण है कि आगामी बजट निजी उपभोग वृद्धि पर केंद्रित होना चाहिए. यह बात स्पष्ट है कि सरकार को असीमित धनराशि नहीं मिली है.

यदि सरकार करों में कटौती करती है तो इसे कहीं और से पूरा करना होगा या फिर अपने ख़र्च में कटौती करनी होगी.अगर कोई सरकार करों में कटौती करती है और अपना ख़र्च पहले जितना ही रखती है तो सरकार को राजकोषीय घाटा होगा.मतलब सरकार जो कमा रही और जो ख़र्च कर रही है, दोनों के बीच का अंतर बढ़ जाएगा.साल 2023-24 में भारत का राजकोषीय घाटा 16.54 लाख करोड़ रुपये रहा. यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.6 फ़ीसदी है.यह आंकड़ा काफ़ी ज़्यादा है और इसे लगातार कम करने की ज़रूरत है.यदि सरकार उपभोग वृद्धि को बढ़ाने के लिए करों में कटौती करती है तो यह सरकार के लिए काफ़ी चुनौतीपूर्ण हो जाएगा.बहरहाल, सरकार के लिए अच्छी बात यह है कि आरबीआई ने साल 2022-23 में लगभग 87 हज़ार करोड़ रुपये की तुलना में साल 2023-24 में 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया है.इसके अलावा, सरकारी स्वामित्व वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की ओर से दिया जाने वाला लाभांश भी आशाजनक दिख रहा है. इन ज़रियों से आने वाले धन से सरकार को कुछ राहत मिलनी चाहिए और उसे करों में कटौती करने में मदद मिलेगी.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम -212 : रानी कैकेई ने कहा, राम आज ही वन जाएं और भरत शीघ्र ही कैकेय प्रदेश से लौटेंगे

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



रानी कैकेई क्रोध में आ गईं।

''आप भी उसी पुरुषवादी सोच को व्यक्त कर रहे हैं, जिसमें नारी को महत्वहीन और दूसरी श्रेणी का जीव समझा जाता है। जहां नारी ने अपने अधिकारों की बात की, वहां उसे अकारण मुंह खोलने वाली कहा जाता है और बात उसके मायके तक पहुंच जाती है। आखिर मेरे पिता और मेरे भ्राता ने आपको और आपके अयोध्या राज्य को अब तक क्या क्षति पहुंचाई है? मैंने केवल दो वरदान ही तो मांगे हैं। अगर आप नहीं दे सकते हैं तो इसके लिए भी मैं आपको बाध्य नहीं कर रही हूं।''

मंत्री सुमंत ने आदरपूर्वक कहा, ''रानी जी! अगर आप ऐसे वर मांगेंगी, जो व्यक्तिगत और राज्य के हितों के विरुद्ध होंगे, तो महाराज कैसे दे पाएंगे? आप साधारण ढंग से भी अपनी मांगें रख सकती थीं, लेकिन आपने महाराज के पूर्व वचनों से इसे जोड़कर उन्हें गहरा आघात दे दिया है, और आप इसे समझ नहीं रही हैं।''

''सुमंत जी! आप अपनी मर्यादा का उल्लंघन कर रहे हैं। आपको महाराज और उनकी रानी के निज वार्तालाप में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है।''

''क्षमा चाहता हूं रानी जी, लेकिन मैं गुरु वशिष्ठ के निर्देश पर यहां उपस्थित हुआ। श्री राम अभिषेक का संपूर्ण प्रबंध हो गया है और अब गुरु वशिष्ठ महाराज दशरथ से भेंट की प्रतीक्षा में हैं।''

''अभिषेक तो होगा सुमंत जी लेकिन राम का नहीं भरत काञ. भरत अपने ननिहाल से शीघ्र वापस लौटेंगे।तो राम क्या करेंगे? वे आज अभिषेक की तैयारियों के मध्य ही वल्कल धारण कर वन को प्रस्थान करेंगे। अभिषेक की तैयारी व्यर्थ नहीं जाएगी। द्रुतगामी अश्व भरत और शत्रुघ्न को ठीक तीसरे दिन कैकेय प्रदेश से लेकर अयोध्या पहुंच जाएंगे।''


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -126

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 125 का हल**



## सू- दोकू क्र.126

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.125 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## कविता

### गुरू का संदेश-अंधकार से प्रकाश की ओर

गु=अंधकार, रू=प्रकाश
अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले गुरू होते हैं,
तिगिर से पुंज की ओर ले जाता है गुरू,
गुरू-शिष्य संबंध होता है अटूट,
गुरू आन्तरिक प्रेम रखते हुए श्रीफल के समान होता है कठार।
गुरू नरव चरण है मणियों के प्रकाश के समान,
गुरू मासूम बच्चें को सिखलाता हैं हाथ में कलम पकड़ाकर
गुरू के गोद में नौनिहालों का शिक्षारूपी पालन पोषण होता है,
गुरू का वचन अकाट्य होता है, मधुर-मुस्कान होता है।
गुरू कच्चे घड़े रूपी शिष्य को ज्ञानवाणी से बनाता है परिपक्व
गुरू हैं कृपा के सागर, नररूप में श्री हरि हैं,
गुरू का चरित्र गंगा जल के समान है,
गुरू का चरण कमल समस्त रोगों को दूर करने वाला होता है।
जिस हृदय में गुरू का ज्ञान समाहित हो, वह हृदय
दिव्य ज्ञान ज्योति से होगी परिपूर्ण,
सठ सुधरता है गुरू के सतसंग से, ज्ञान से,
गुरू करता है संशय दूर ज्ञान देता है अमृत तुल्य,
मानस-वंदऊँ गुरूपद कंज कृपा सिंधु नर रूप हरि।
महामीर तमपुंज, जासुं वचन रविकर निकर।।
गुरू के वचन है, सूर्य किरणों के समान ज्ञान प्रकाश पुंज।
कबीर-गुरू कुम्हार शिष कुंभ है, गड़गड़ काढ़ै खोंट।
अंतर हाथ संहार दे, बाहर मारै चोंट।।
गुरू का पुरस्कार होता है, आदर्श शिष्य।।



देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़, 9424129646

## कविता

### छोड़ के झन जा ये भुइयां ल...

छोंड़ के झन जा ये भुइंया ल
सब बिरथा हो जाही रे....
छत्तीसगढ़ महतारी के संगी करजा ल कोन चुकाही रे...
खेलेस कुदेश इही भुइंया म
इही भुइंया म बाढ़ेस तंय
जनम जनम के मया पिरीत ल
छिन मा कइसे भुलागेस तंय
चल देबे तैं...हो...चल देबे त तोर
नांव के बिरवा ल कोन जगाही रे.....
छोड़ के झन जा ये भुइंया ल......
थोरकुन जादा कमाए खातिर
जावत हस,तंय हा परदेश
रहिबे तंय हा, दूर बिदेश म
कइसे आही तोर संदेश
कइसे करबे..हो...कइसे करबे
तोर गांव के, जब सुरता तोला आही रे....
तोर हिरदे के चानी
चानी ओतके बेर हो जाही रे...
छोंड़ के झन जा ये भुइंया ल....
नता गोता संगी साथी सब
बिसराके तंय जावत हस
धीरे-धीरे ये भुइंया ले
काबर तंय दुरिहावत हस
चल देबे हो...चल देबे कोनो
दूर देश त कोन तोला सोरियाही रे..
छोंड़ के झन जा ये भुइंया ल
सब बिरथा हो जाही रे...
जनम देवइया धरती दाई के
करजा ल कोन चुकाही रे....



अमृत दास साहू
ग्राम+पोस्ट - कलकसा, डोंगरगढ़
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 9399725588

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज व्यवसाय में भविष्य की कार्य योजनाओं के लिए उचित मंथन करने की जरूरत है। आज व्यवसायिक कामों में सहयोगियों और जीवनसाथी के निर्णय को प्राथमिकता देंगे। आज घर में किसी मांगलिक कार्य संबंधी योजना बनेगी और सुखद माहौल रहेगा।

**वृषभ** — आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज कुछ समय व्यक्तिगत कार्यों में बिताने से आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। सामाजिक गतिविधियों में भी रुझान बढ़ेगा। फाइनेंस संबंधी गतिविधियां समय पर निपटा लेंगे। कुछ लोग जलन की भावना से आपके बारे में अफवाहें फैला सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। दफ्तर में कोई उलझा हुआ मामला आज सुलझ सकता है। आज ऑफिस में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने का बेहतरीन समय है। आपकी कड़ी मेहनत से आपको सक्सेस मिलेगी।

**कर्क** — आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। बच्चों को आज पढाई में मन लगाने की जरूरत है। धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों में भी कुछ समय बीतेगा। साथ ही जरूरतमंद लोगों की सहायता करके मानसिक सुकून भी मिलेगा।

**सिंह** — आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी एसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। आज घर में परिवार जनों के साथ मिल-जुलकर कुछ नवीनीकरण व साज-सज्जा को लेकर कुछ विचार-विमर्श करेंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के कोर्ट कचहरी के मामले से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। किसी विशेष मुद्दे पर विचार-ऑफिस में सीनियर्स से बात-चीत करेंगे। इस राशि के छात्र आज ज्यादा मेहनत करेंगे।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम असान हो जायेंगा। आज आपका व्यक्तित्व व रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना। लोगों के बीच आकर्षण का कारण बनेगा। समाज में आपकी छवि और अधिक निखरेगी।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। बेवजह के कामों में अपना समय बर्बाद न करके रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे तो फायदा हो सकता है। आज व्यस्तता से भरी दिनचर्या रहेगी, फिर भी आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा लेंगे। आज घर में खास मेहमानों के आने से खुशी भरा माहौल रहेंगा।

**धनु** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यापारियों का कारोबार तेजी से आगे बढ़ेगा। आज काम करने के तरीको में बदलाव न करके मौजूदा स्थिति पर ही फोकस करेंगे। आज बिजनेस के कामों में कोई भी फैसला लेते वक्त परिवार वालों की सलाह जरूर लें।

**मकर** — आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज अपने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उनका प्रोत्साहन करेंगे। आज आपका बिजनेस अच्छी गति से आगे बढ़ेगा, जिससे अधिक मुनाफा होगा। अपनी जॉब से संबंधित कोई महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है।

**कुंभ** — आज आपका दिन बहुत ही खास होने वाला है। आज आप नया सीखने की चाहत आपके अनुभव को और अधिक बढ़ाएगी। आज उलझे हुए कार्यों में अनुभवी लोगों का सहयोग मिलने से कार्य पूरा हो जायेगा। आज राजनीतिक व सामाजिक संपर्क सूत्र आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे।

**मीन** — आज आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए खुशिया लेकर आया है। आज अपनी दिनचर्या को लेकर बनाए गए नियम आपको राहत देंगे और कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न होते जाएंगे। आज किसी विशेष पॉलिसी में निवेश आने वाले समय में फायदेमंद साबित होगा। आज पैतृक संपत्ति से संबंधित मामला आसानी से हल हो सकता है।

# सबका साथ सबका विकास ही भाजपा का मूल मंत्र है-रवि अग्रवाल

डोंगरगढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव में विकासखंड के विभिन्न पोलिंग बूथ सेंटर में जहां भाजपा चुनाव में लगातार पिछड़ते आ रही थी, उन मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी निभाने वाले वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने कहा है कि भाजपा का मूल मंत्र रहा है सबका साथ सबका विकास। उसी तर्ज पर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री से लेकर पोलिंग बूथ के छोटे से छोटे कार्यकर्ता भी कार्य करते आ रहे हैं। यही कारण है कि प्रदेश की जनता ने फिर से भाजपा को सेवा करने का मौका दिया। भाजपा कार्यकर्ता लगातार ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए प्रयास करते आ रहे हैं। जिसका परिणाम सामने आने लगा है। लोकसभा चुनाव में विकासखंड के ग्राम छपारा के ग्रामीणों से राशन दुकान की स्वीकृति हेतु किया गया वादा पूरा किया गया।



- ग्राम छपारा व ग्राम हीरापुर में राशन दुकान की स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में हर्ष
- भाजपा नेता ने लोकसभा चुनाव में किया गया वादा पूरा किया

ग्राम छपारा में राशन दुकान की स्वीकृति के लिए ग्रामीण विगत अनेक वर्षों से प्रयास कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था की 146 राशन कार्ड धारी होने के बावजूद प्रशासन पृथक से राशन दुकान की स्वीकृति नहीं दे रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को अधिक दूरी में जाकर राशन लेना पड़ रहा है। जिसे संज्ञान में लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेता जनपद के वरिष्ठ सदस्य रवि अग्रवाल ने ग्रामीणों से वादा किया था कि गांव में यदि भाजपा को सौ से अधिक वोटो की लीड मिलेगी तो उनकी सुविधा को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। लगातार पीछे रही भाजपा को ग्राम छपारा व अन्य पोलिंग बूथ सेंटर में बढ़त मिली। भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को विकासखंड के विभिन्न पोलिंग बूथ सेंटर ग्राम घुसेरा, जट कन्हार संडी सहित अनेक ग्रामों में जहां चुनावी इतिहास में आज पर्यंत भाजपा को लीड नहीं मिली थी वहां भी भाजपा को लीड मिली। जिसमें ग्राम छपारा से 135 वोटो की लीड मिली थी। ग्राम मक्काटोला के प्रधान हेमलाल वर्मा ने बताया कि,इसी प्रकार ग्राम मक्का टोला के आश्रित ग्राम हीरापुर में भी पृथक से राशन दुकान की स्वीकृति नहीं होने से ग्रामीणों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी स्वीकृति भी प्रशासन द्वारा दे दी गई है।

### राशन दुकान की स्वीकृति मिलते ही ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है

जनपद सदस्य रवि अग्रवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष राशन दुकान की स्वीकृति का प्रस्ताव दिया था। जिसे स्वीकार करते हुए स्थानीय प्रशासन ने ग्राम छपारा में राशन दुकान की स्वीकृति प्रदान की है। शासन द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि,छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलौनी में शासकीय उचित मूल्य दुकान आई डी 422004017, का संचालन सुमन मा बम्लेश्वरी स्व सहायता समूह सलीनी संस्थ्था द्वारा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सलौनी के आश्रित ग्राम छपारा के 146 राशनकार्ड धारियों के खाद्यान्न का भंडारण माह अगस्त 2024 से आगामी आदेश तक ग्राम छपारा के महिला भवन में किया जायेगा।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसके अलावा ग्राम मक्का टोला के आश्रित ग्राम हीरापुर में राशन दुकान की स्वीकृति के लिए प्रशासन द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि,छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत ग्राम पंचायत मवकाटोला में शासकीय उचित मूल्य दुकान आई डी 422004025, का संचालन जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह कोटनापानी संस्था द्वारा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मक्काटोला के आश्रित ग्राम हीरापुर के 124 राशनकार्ड धारियों के खाद्यान्न का भंडारण माह अगस्त 2024 से आगामी आदेश तक ग्राम हीरापुर के मंगल भवन में किया जायेगा।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला धरमूटोला में गुरू पूर्णिमा पर हुआ गुरूओं का सम्मान



छुरिया (दावा)। संकुल साल्हेटोला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला धरमूटोला में गुरू पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। गुरू पूर्णिमा पर्व पर छात्र-छात्राओं सहित पालकों एवं ग्रामीणों ने गुरूओं का सम्मान किया । इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर उन्हें श्रीफल भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। गुरू पूर्णिमा पर्व का प्रारंभ मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन से किया गया । गुरू पूर्णिमा पर शाला के प्रधान पाठक हरिश्चन्द्र बंजारे एवं महेश मंडावी ने कहा कि गुरू पूर्णिमा पर्व गुरू और शिष्य के बीच पवित्र संबंध का प्रतीक है । इस दिन शिष्य अपने गुरू के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके द्वारा दिए गए ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए उनका सम्मान करते हैं । शिक्षक उत्तम प्रसाद दुबे ने कहा कि गुरू और शिष्य का संबंध प्राचीन काल से रहा है । वास्तव में गुरू पूर्णिमा पर्व गुरू और शिष्य के बीच अपार स्नेह का संचार करता है और गुरू द्वारा प्रदत्त ज्ञान और मार्गदर्शन उन्हें जीवन का सही मार्ग दिखाता है । इस अवसर पर शाला के शिक्षकगण महेश कुमार मंडावी, हरिश्चन्द्र बंजारे, यु.पी.दुबे, श्रीमती ऋचा त्रिपाठी, एच.के.कुम्भकार, श्रीमती जामवती मंडावी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीणजन श्रीमती दिपक बाई, श्रीमती गैन्दबाई, श्रीमती कलेन्द्री बाई, श्रीमती प्रियंका जगने सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, पालकों, ग्रामीणों एवं शाला के विद्यार्थयों की उपस्थिति रही ।

## पहला कॉलम...

### आषाढ़ पूर्णिमा पर पञ्ञा मेत्ता संघ द्वारा शा. प्राथमिक स्कूलों में पेन कॉपी वितरित



कलकसा (दावा)। भारतीय बौद्धों के धम्मदूत, भारत देश के बौद्धो के सबसे बड़े धम्म गुरु का आगमन प्रज्ञागिरी में हुआ, तत्पश्चात आषाढ़ (गुरु) पूर्णिमा के पूर्व दिन पञ्ञा मेत्ता संघ प्रज्ञागिरी डोंगरगढ़ एवं एससी एसटी रेल्वे कर्मचारी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय प्राथमिक स्कूल, ग्राम अछोली एवं शासकीय प्राथमिक स्कूल ग्राम लतमरा, कलकसा डोंगरगढ़ में प्रज्ञागिरी के निर्माता धम्मदूत पुज्य भदंत संघरत्न मानके जी, (राष्ट्रीय अध्यक्ष पञ्ञा मेत्ता संघ भारत) रंभदंत धम्म शिखर जी एवं जापान से आए उपासक सुसुमु नागाई जी के कर कमलों द्वारा बच्चों को कॉपी पेन स्टेशनरी का वितरण किया गया तथा वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कॉपी पेन पेंसिल पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। साथ ही वातावरण को हरा भरा होता हुआ देख कर बहुत प्रशन्न हुए। कार्यक्रम में लतमरा की प्रधान अध्यापिका, सहायक अध्यापिका सुनीता वर्मा ग्राम अछोली के प्रधान पाठक ललित साहू, पञ्ञा मेत्ता संघ शाखा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष डॉ. मनोज गजभिये, यूथ, प्रज्ञागिरी, डोंगरगढ़ के किरण मेश्राम, सुरेखा, पूनम, वेणुगोपाल, राधिका जंघेल, प्रदीप गजभीये, पल्लवी, रजत, समृद्धि, ज्योति मेश्राम इनका सहयोग प्राप्त हुआ।

### चिचदो में मनाया गया शिक्षण सप्ताह दिवस के साथ गुरूपूर्णिमा



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चिचदो प्राथमिक शाला में 22 जुलाई सोमवार को गुरुपूर्णिमा महोत्सव और शिक्षा सप्ताह दिवस का आयोजन किया गया. इस दौरान सहायक शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शनी लगाकर बच्चों को विस्तृत जानकारी दी गई. गुरूपूर्णिमा को लेकर बच्चों को गुरु का महत्व बताया गया व बच्चों व्दारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई. इस दौरान गांव के सदस्यों को टीएलएम का महत्व व उसके उपयोग के संबंध में बताया गया. वहीं गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने गांव व शाला परिसर में पौधारोपण भी किया. इस आयोजन में कोर ग्रुप के नोडल व एबीईओ जयंत साहू, राहुल जैन, कोनिका सोनी, बीआरसी अरविंद रत्नाकर, प्रधानपाठक आरडी साहू, रूपेंद्र देवांगन, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश्वरी कंवर एवं पालक समिति के सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

### 'एक पेड़ मां के नाम' हरदी वार्ड नं 51 में वृहद रूप से पौधारोपण किया गया

हरदी (दावा)। सरकार द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' को धरातल पर चरितार्थ करता हरदी वार्ड नं 51 में वृहद रूप से



पौधारोपण किया गया जय अम्बे उत्सव समिति के मार्ग दर्शन एवं श्रम दान व वार्ड वासी के सहयोग से सावन के प्रथम सोमवार को हरदी वार्ड नं 51 में 22 जुलाई को लगभग 450 पौधा लगाया गया जिसमें कटहल, आम, जामुन, बदाम, जाम, गुलमोहर, कहुआ, बोइर, नीम, व अन्य फल दार व छांव दार पौधे लगाए गए जिसमें जय अम्बे उत्सव समिति के अध्यक्ष सुकालू निषाद, दिनेश, पूनम, गौतरीह, पिंटू, खेमू, टुमन, परदेशी, गोलू, कमलेश, व्यास, नरायण, राजू, परमेश्वर निषाद, गणेश यादव एवं वार्ड के चंद्रकृत साहू, सतानंद, भागवत, पंकज साहू, राजेंद्र निषाद, दीनदयाल नेताम और गण मान्य नागरिक उपस्थित थे एवं पौधा उपलब्ध कराने में वन विभाग का भी अहम योगदान था।

# गुरु पूर्णिमा गुरु अमरदास बाबा जी की पावन जयंती पर 34 युवाओं ने किया रक्तदान

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत मोहारा (मुढ़ीया) में गुरु पूर्णिमा गुरु अमरदास जयंती के पावन अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन क्षेत्रीय युवा संगठन मोहारा व सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राज. के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे गुरुद्वारा में गुरु वंदना के साथ पूजा आरती कर किया गया द्य और फिर रक्तदान शिविर शाम 4-30 तक चला।

बारिस का मौसम, खेती किसानी का दिन व बार बार बिजली गुल के बावजूद आयोजन को सफल बनाने के लिए 50 से ऊपर लोगों ने रक्तदान हेतु जाँच फार्म भरा और उसमें से कुल 34 रक्तदाताओं ने अपना स्वैच्छिक रक्तदान किया। आयोजक समिति की ओर से प्रेस को जारी की गई विज्ञप्ति में बताया गया कि,पुरे दिनभर शिविर का माहौल खुशनुमा रहा।आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए प्रमुख अतिथियों में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल , जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा वर्मा, आर.आर.पात्रे विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव, ढारा पेट्रोल पंप के संचालक श्री राजपूत, पंचराम चंदेल, युनुस कुरैशी, नरेंद्र सिंह, रघुनाथ वर्मा, दयालु चंदेल, नंद खरे, संतोष वर्मा आदि शामिल रहे।



मोहारा चौकी प्रभारी द्वारा स्वयं रक्तदान कर युवाओं को किया प्रेरित

### आयोजक समिति की हुई सराहना

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन के कार्यो व शिविर में की गई संपूर्ण व्यवस्था की जमकर सराहना की गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि इस अवसर पर रक्तदान से बड़ा कोई और दान नहीं हो सकता, फाउंडेशन के हर ऐक कार्यो में साथ देने की बात कही है द्य कार्यक्रम में सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राज. के अध्यक्ष संदीप सिरमौर, उपाध्यक्ष रमेश महिलांगे, शंकर बघेल (संरक्षक), रूपकुमार जांगड़े (संयोजक), संजय कुर्रे (सचिव), टूमन कोसरे, अश्वनी बारले, सुंदरलाल चतुर्वेदी, जितेन्द्र गेंडरे, सुरेश गेंड्रे, मनहरण देशलहरे, जितेन्द्र खेलवर, ईश्वर जोशी, केवल दास चंदेल, सूरज भारती, अभिषेक पाटिला (शिविर प्रभारी), अमित बंजारे, अमन महिलांगे, रूपेश पाटिला, रोहित चंदेल (रक्त व्यवस्थापक), आकाश बघेल, जसवंत खांडे, युवराज (पत्रकार), भजनु चंदेल, भोला गायकवाड़, मोहन जोशी, चिंता मरकंडे, रंजीत भारती भूपेंद्र बघेल, लोचन भारती, मुकेश बघेल, चरण मार्कंन्डे,भानु चंद्राकर, रेवा खुटेल, मनीष चंद्राकर इत्यादि साथियों सहित बिलासा ब्लड बैंक राज. से जीतेन्द्र साहू उनकी पूरी टीम ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

### रक्तवीरों का जताया आभार

सभी रक्तवीरों का आभार प्रगट करते हुए फाउंडेशन के संरक्षक शंकर बघेल ने कहा कि हमारे मोहारा क्षेत्र में ये रक्तदान का पहला अवसर है। विपरीत मौसम के बावजूद जिस प्रकार का उत्साह, जोश, युवाओं का सहयोग इस शिविर में प्राप्त हुआ, लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता कों देखते हुए आगामी दिनों में और फिर रक्तदान का आयोजन किया जा सकता है।

## कटंगी के स्कूल में हुआ बाल कैबिनेट मंत्रियों का गठन, दी जिम्मेदारी



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के नजदीकी ग्राम कटंगी के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल कैबिनेट मंत्रियों का गठन किया गया है। गठन के पूर्व संस्था की प्राचार्य पोर्णिमा नेताम ने सभी बच्चों को अपनी अपनी जिम्मेदारी का अच्छे से निर्वहन करने के बारे में विस्तार से समझाया बाल कैबिनेट मंत्रियों में हीरेंद्र वर्मा और पोषण को शाला नायक, पुष्पा पटेल शाला नायिका, कृषि पटेल रोशन लाल कक्षा नायक, महिमा खिलेश्वरी कक्षा नायिका, रुक्मणी डोगेश्वरी कक्षा नायिका राहुल अजय कक्षा नायक, हेमा मुस्कान कक्षा नायक, पुखराज योगेश कक्षा नायक पूर्वी फुलेश्वरी कक्षा नायिका इस प्रकार नेहा लता अनीता आरती को सांस्कृतिक मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है उसी प्रकार ममता टिकेश्वरी अरुण भुनेश्वर को पर्यावरण मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चिरंजीव और चंद्रकांत दूलेश्वरी को खेल मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है नीलम वीरेंद्र को शिक्षा मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। खिलावन खेमवती को स्वास्थ्य मंत्री, और मोहनी लक्ष्मी दुलेश्वर डोमन दास को सफाई मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है उक्त सभी पदेन छात्र-छात्राएं स्कूल के मेनर और डिसिप्लिन में रहेंगे, और सौंप गए पद दायित्व का अच्छे से निभाएंगे इस बाल कैबिनेट मंत्रियों के गठन में कक्षा नवमी से 12वीं तक पढ़ने वाले बच्चों को शामिल किया गया है, सभी बच्चों को उनके पद को देते समय संस्था के प्राचार्य पोर्णिमा नेताम ने तिलक लगाकर सभी को जिम्मेदारी से अवगत कराया इस कार्यक्रम में व्याख्याता शरद कुमार नेताम, अर्चना ताम्रकार रूपेश कुमार मंडावी सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## गायत्री मंदिर में भक्तिभाव व श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरूपूर्णिमा पर्व



पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

डोंगरगाँव (दावा)। नगर के गायत्री मंदिर में परिजनों द्वारा गुरूपूर्णिमा का पर्व पूरे भक्तिभाव व श्रद्धापूर्वक मनाया. इस अवसर पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व विभिन्न संस्कार संपन्न हुये, जिसमें अंचल के विभिन्न ग्रामों के लगभग 200 परिजनों ने अपनी सहभागिता निभाई.

गुरूपूर्णिमा के दिन को ही गायत्री मिशन के शिल्पकार पं.श्रीराम शर्मा आचार्य का आज आध्यात्मिक जन्मदिन भी कहा जाता है. गायत्री मंदिर में गुरूपुर्णिमा के एक दिन पूर्व सुबह 7 बजे से लेकर सायं 7 बजे तक 12 घंटे का अखण्ड जप आयोजित किया गया. पश्चात् रविवार को सुबह 9 बजे से गायत्री महायज्ञ व हवन आहुति का क्रम चला. महायत्र के दौरान विभिन्न पालियों में लगभग 200 परिजनों ने विश्व शांति, सर्वजनों के सुख और सौभाग्य सहित युग निर्माण योजना के विभिन्न संकल्पों को पूरा करने के उद्देश्य से आहूतियां डाली. इस दौरान कुछ नये परिजनों ने गुरूदीक्षा लेकर गायत्री मिशन के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. नगर की मिताली कटकवार ने भी इस दौरान गुरू दीक्षा ली, वहीं विशेषता साहू का इस दौरान जन्मदिन मनाया गया. समस्त यज्ञीय कार्यक्रमों का संपादन मिशन के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने किया। वहीं मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा ने संचालन व आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम के दौरान परिजनों से एकत्रित 6701 रू. की राशि गुरू दक्षिणा के रूप में शांतिकुंज हरिद्वार प्रेषित किया गया. कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया.

## शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव



छुईखदान (दावा)। सावन माह प्रथम दिवस सोमवार 22 जुलाई 2024 को शहर के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई। भक्तों द्वारा भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, कनेर, फुडहर धतूरा पुष्प श्रीफल आदि भेंट कर कपूर दीप से आरती किये है। रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लतारानी लाल जे के वैष्णव ने जानकारी दी कि सावन माह 2024 में पांच सोमवार पड़ने पर भोलेशंकर की पूजा होगी। पं प्रदीप मिश्रा के जून 2024 में गंडई में शिव महापुराण कथा से भक्तों बच्चों द्वारा बड़ी संख्या में श्री शिवाय नमस्तुभ्यं पाठ से मंदिर परिसर गुंजित रहा है। सावन माह प्रथम दिवस सोमवार को अच्छी बारिश में भक्त गण भोलेनाथ की पूजा प्रसन्नता से किए। प्रतिवर्ष अनुसार महिला रामायण मंडली बाईसाहब मंदिर एवं बजरंग रामायण मंडली जस समिति छुईखदान द्वारा सभी मंदिरों में जाकर भजन कीर्तन किया जाता है। शिवालयों सहित शहर में भक्तजन द्वारा ऊं नमः शिवाय, हर हर महादेव की भक्ति भाव से गूंजित रहा। भक्त जनों द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा, महामृत्युंजय मंत्र जाप, श्री शिव चालीसा पाठ एवं शिव तांडव स्तोत्र पाठ किया जाता है।

## गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया



प्राचार्य ने गुरु पूर्णिमा की महत्ता को प्रतिपादित किया

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने गुरु पूर्णिमा से संबंधित गीत कहानी कविता आदि प्रस्तुत किए हैं जिनमें शामिल हुए नूपुर नागमोते, योगप्रिया जंघेल, निशांत जैन, दिव्या करण सिन्हा, सेजल निषाद, कृष्णा समुदे, माधुरी देवांगन, वैदेही वर्मा, खुशी वर्मा, चंद्रेश यादव, पियुषी साहू, दीक्षा मेश्राम, खुशी वर्मा, इशिका पटेल, मोनिका जंघेल ऋषभ वाल्दे, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य थैलेश साहू ने वेदव्यास के जीवन परिचय को कथा कहानियों के माध्यम से समझाया। इसी क्रम में विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव ने गुरु पूर्णिमा की महत्ता को प्रतिपादित किया एवं सदैव गुरुजनों को सम्मान देते रहने की बात कही। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

## संकुल साल्हेटोला में शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस शालाओं में टीएलएम आधारित गतिविधि



- शिक्षा सप्ताह के तहत शालाओं में सात दिवस तक होगा विविध शैक्षिक आयोजन

छुरिया (दावा)। विकासखण्ड छुरिया अंतर्गत संकुल साल्हेटोला की प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कुल शालाओं में शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस पर सोमवार को टीएलएम आधारित गतिविधि के तहत शिक्षकों ने सहायक शैक्षिक का सामग्री का निर्माण कर उनका शालाओं में प्रदर्शन कर गतिविधि करायी। जहां सभी ने शालाओं में टीएलएम के माध्यम से बच्चों को रूचिकर एवं आनंददायी शिक्षा उपलब्ध कराने अपनी सहभागिता दी। शिक्षा सप्ताह के तहत साप्ताहिक गतिविधियों के सफल संचालन हेतु ब्लॉक कोर निरीक्षण टीम में सम्मिलित संकुल साल्हेटोला के संकुल समन्वयक सुरेश कुमार साहू ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार नये राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने पर दिनांक 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शालाओं में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस टीएलएम आधारित शैक्षिक सामग्री के प्रदर्शन एवं उनके कक्षा में नियमित उपयोग हेतु प्रोत्साहित करना है ताकि बच्चों को उनका अच्छा लाभ मिल सके और उन्हें आनंददायी एवं रूचिकर शिक्षा प्रदान की जा सके। आप सभी के द्वारा प्रथम दिवस पर किया गया टीएलएम आधारित गतिविधि सराहनीय रहा है। इसी तरह शिक्षा सप्ताह के शेष दिवस के आयोजन में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर अपने दायित्वों का निर्वहन अवश्य करें।

# पहला कॉलम...

## बांग्लादेश में हिंसा के बीच 500 से ज्यादा लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में नौकरी कोटा के विरोध में लगातार हिंसा जारी है। हिंसक झड़पों के दौरान कई विपक्षी नेताओं समेत 500 से अधिक लोगों को अरेस्ट किया जा चुका है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के प्रवक्ता फारूक हुसैन ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अब तक 532 लोगों को अरेस्ट किया गया है। इसमें बांग्लादेश नेशनल पार्टी के नेता भी शामिल हैं। पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता अमीर खोसरू महमूद चौधरी के अलावा प्रवक्ता रुहुल कबीर रिजवी अहमद को भी पुलिस ने अरेस्ट किया है। वरिष्ठ नेता अमीनुल हक से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। वे बांग्लादेश की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान रह चुके हैं। हुसैन के अनुसार मिया गुलाम से पुलिस पूछताछ कर चुकी हैं। वे बांग्लादेश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी के महासचिव हैं। हिंसक झड़पों में 3 पुलिसकर्मी मारे जा चुके हैं।

बांग्लादेश में बढ़ते तनाव के बीच कई देशों ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। वहीं, भारत के भी लगभग 405 विद्यार्थियों को सकुशल लाया गया है। नेपाल के 500, भूटान के 38 और मालदीव से एक विद्यार्थी भारत पहुंचा है। भारतीय दूतावास की ओर से बताया गया है कि बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए हरसंभव काम किया जा रहा है। वह लगातार बांग्लादेश सरकार के संपर्क में है।

## शेयर बाजार में आई गिरावट

नई दिल्ली। 23 जुलाई को पेश होने वाले बजट से पहले कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ क्लोज हुआ है. हालांकि आज के कारोबार में मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है. बजट से पहले ऑटो स्टॉक्स में भी खरीदारी देखने को मिली है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 102.57 अंकों की गिरावट के साथ 80,502 अंकों पर क्लोज हुआ है जबकि निफ्टी 21.65 अंकों की गिरावट के साथ 24,509.25 अंकों पर क्लोज हुआ है. आज के ट्रेड में एनटीपीसी 2.58 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 2.34 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 2.15 फीसदी, टाटा स्टील 1.87 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.87 फीसदी, पावर ग्रिड 1.76 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.42 फीसदी, सन फार्मा 1.01 फीसदी, एल एंड टी 0.90 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.89 फीसदी, इंफोसिस 0.87 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. जबकि गिरने वाले शेयरों में रिलायंस 3.46 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 3.30 फीसदी, आईटीसी 1.75 फीसदी, एसबीआई 1.21 फीसदी की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है.

## बजट में लोकल ट्रेनों के शुरू होने की उम्मीद

मुंबई। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला और अपना सातवां बजट पेश करेंगी. इस बजट में हर वर्ग को काफी उम्मीदें हैं. दिल्ली-एनसीआर में हर दिन लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लोगों को भी इस बजट में अपनी परेशानी खत्म होने की उम्मीद है. दरअसल, दिल्ली और आसपार के शहरों में चलने वाली दैनिक यात्रा यानी ईएमयू (इलेक्ट्रक मल्टीपल यूनिट) ट्रेनों की संख्या में बढ़ोतरी की आस लगाए बैठे हैं. क्योंकि पलवल और फरीदाबाद के बीच यात्रा करने वाले यात्री पिछले चार साल से बंद पड़ीं 10 ईएमयू ट्रेन चलाने की मांग कर रहे हैं. इन लोगों का कहना है कि इस रूट पर रेलवे को वातानुकूलित ईएमयू ट्रेन सेवा शुरू करनी चाहिए. इसके साथ ही लोगों की मांग है कि रेलवे को बिहार के लिए भी सीधी ट्रेन चलानी चाहिए. बता दें कि मथुरा रूट पर कई लोकक ट्रेनें चलती हैं लेकिन यहां यात्रा करने वालों की संख्या के हिसाब से ट्रेनों की संख्या काफी कम है.

## बोलीविया में सड़क हादसे में 22 लोगों की मौत

नई दिल्ली। बोलीविया बोलीविया के पटाकामाया शहर और उत्तरी चिली के टैम्बो क्वेमाडो शहर के बीच एक राजमार्ग पर बस और ट्रक की टक्कर में 22 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। यह राजमार्ग बोलीविया और चिली को जोड़ता है। अल जजीरा ने रविवार को पुलिस के हवाले से बताया कि 14 मृतकों की पहचान कर ली गई है। दुर्घटना में मारे गए लोगों में चिली का एक नागरिक भी शामिल है। बस चिली की ओर जा रही थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि एक कार को ओवरटेक करने की कोशिश में ट्रक गलत लेन में प्रवेश कर गया था। इसके बाद ट्रक एक बस से टकरा गया। क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे शवों को निकालने की कोशिश की जा रही है। बोलीविया में हर साल सड़क दुर्घटना में लगभग 1,400 मौतें होती हैं। इनकी वजह मुख्यतः खराब ड्राइविंग और यांत्रिक विफलताएं होती हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने युद्ध की विभीषिका झेल रहे गाजा में राहत सामग्री भेजी है। यूएई द्वारा गाजा पट्टी में भेजे गए मानवीय और राहत सहायता काफिलों की संख्या 100 तक पहुंच गई है।

# वेस्टइंडीज को हराकर इंग्लैंड ने मारी लंबी छलांग, पाकिस्तान पर मंडराया खतरा




नईदिल्ली। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला भी पूरा हो गया है। इस मैच को जीतने के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज पर तो कब्जा कर ही लिया है, साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भी लंबी छलांग लगा दी है। इससे भारतीय टीम की सेहत पर तो कोई असर नहीं पड़ा है, लेकिन पाकिस्तान के लिए अभी तो नहीं, लेकिन आने वाले वक्त में जरूर मुश्किल खड़ी हो सकती है। टीम अब डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में सीधे नंबर 7 पर पहुंच गई है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के ताजा प्वाइंट्स टेबल की बात की जाए तो यहां पर भारतीय क्रिकेट टीम नंबर एक की कुर्सी पर काबिज है। टीम इंडिया का पीसीटी अभी 68.51 का है। जो बाकी सभी टीमों से ज्यादा है। इसके बाद अगर दूसरे नंबर की बात की जाए तो यहां पर ऑस्ट्रेलिया टीम है। ऑस्ट्रेलिया का पीसीटी अभी 62.50 का है। यानी पहले और दूसरे नंबर की टीम के बीच अंतर तो है, लेकिन ये बहुत ज्यादा नहीं है। एक मैच में हार जीत के बाद ही इसमें बदलाव हो सकता है।

टॉप 2 टीमों के बाद की बात की जाए तो न्यूजीलैंड और श्रीलंका का पीसीटी बराबर है। इन दोनों का पीसीटी इस वक्त 50 का है। लेकिन न्यूजीलैंड के अंक ज्यादा हैं, इसलिए ये टीम नंबर 3 पर है और श्रीलंका के अंक थोड़े कम हैं, इसलिए ये टीम नंबर 4 पर है। इसके बाद नंबर आता है पाकिस्तान क्रिकेट टीम का। पाकिस्तान का पीसीटी इस वक्त 36.66 का है। टीम नंबर 5 पर जमी हुई है।अब बात करते हैं इंग्लैंड की, जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ बैक टू बैक दो मुकाबले जीतकर लंबी छलांग मारी है। इंग्लैंड का पीसीटी अब 31.25 का हो गया है। टीम अब सीधे छठे नंबर पर आ गई है। सीरीज का अभी एक और मुकाबला बाकी है। अगर ये मुकाबला भी इंग्लैंड की टीम जीतने में कामयाब होती है तो उसका पीसीटी अचानक से बढ़कर 36.53 का हो जाएगा। यानी पाकिस्तान टीम के काफी करीब इंग्लैंड पहुंच जाएगा। हालांकि इंग्लैंड की टीम छठे नंबर पर ही रहेगी, लेकिन आने वाले वक्त में पाकिस्तान के लिए मुश्किल जरूर बढ़ती हुई नजर आ सकती है। इसके बाद की टीमों की बात की जाए तो साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश का पीसीटी 25 का है और ये टीमें सातवें व आठवें नंबर पर हैं। वेस्टइंडीज को लगातार दो मैच हराने का भारी नुकसान हुआ है।

## पेरिस ओलंपिक के बाद लेंगे रिटायरमेंट हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पीआर श्रीजेश

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी गोलकीपर और हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी इंटरनेशनल टूर्नामेंट होगा। भारतीय हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था। तब श्रीजेश ने मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने 41 साल बाद पदक के सूखे को खत्म किया था। इस बार हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली हॉकी टीम से मेडल की आस है।



स्टार गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा कि मैं पेरिस में अपने आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा हूं। मुझे अपने करियर पर बहुत गर्व है और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा हूं। मेरा अब तक का सफर अच्छा रहा है और मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सभी कोच, फैंस और हॉकी इंडिया के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी हूं। मुझ पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद। मेरे टीम के साथी मुश्किल समय में मेरे साथ खड़े रहे हैं। हम सभी यहां पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। निश्चित रूप से अपने पदक का रंग बदलना चाहते है। पीआर श्रीजेश ने अभी तक कुल 328 मैच खेले हैं। हॉकी इंडिया ने पीआर श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने नेशनल टीम के लिए च्विन इट फॉर श्रीजेशज् का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पोडियम पर खड़े होने के लिए प्रेरित करेगा।

## श्रीलंकाई खिलाड़ी ने कप्तान चमारी अटापट्टू ने 7 छक्के लगाकर रचा इतिहास

नई दिल्ली। इस वक्त श्रीलंका में महिलाओं का एशिया कप खेला जा रहा है। कुल 8 टीमें इसमें हिस्सा ले रही हैं। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम अब तक दो मैच जीतकर अपने ग्रुप में सबसे आगे चल रही है। टीम का सेमीफाइनल में जाना पक्का सा नजर आ रहा है। इस बीच श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने एशिया कप में नया कीर्तिमान रचने का काम किया है। जो काम अब तक इस टूर्नामेंट में नहीं हुआ था, वो चमारी ने कर दिखाया है। श्रीलंका का मुकाबला आज मलेशिया से है, जिसमें अटापट्टू ने ये कारनामा किया।



श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू ने एशिया कप 2024 में आज मलेशिया के खिलाफ पारी के दौरान 7 छक्के लगाए। इससे पहले एशिया कप के एक मैच में किसी भी महिला खिलाड़ी ने इतने छक्के नहीं लगाए थे। इससे पहले की बात करें तो इस टूर्नामेंट की एक पारी में अधिक से अधिक 3 ही छक्के लगे हैं। भारत की शेफाली वर्मा ने मलेशिया के खिलाफ साल 2022 के एशिया कप में 3 सिक्स जड़े थे। वहीं भारत की ही रिचा घोष ने साल 2022 के एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ तीन छक्के लगाए थे। पाकिस्तान की आलिया रियाज ने साल 2022 के एशिया कप में यूएई के खिलाफ तीन छक्के लगाए थे। भारत की स्मृति मंधाना ने भी साल 2022 में श्रीलंका के खिलाफ तीन छक्के लगाने में कामयाब हासिल की थी। लेकिन अब सभी को पीछे छोड़ते हुए चमारी अटापट्टू ने 7 सिक्स लगा दिए हैं, यानी बाकी खिलाड़ियों से दो गुने से भी एक ज्यादा।

## सोना चमका चांदी लुढ़की

नई दिल्ली। ज्वेलर्स सोने की खरीदानी कर रहे हैं और विदेशी बाजारों में भी पीले धातु की कीमतों में तेजी है। इन सभी वजहों से सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली। वहीं, चांदी की कीमतों में आज गिरावट देखने को मिली है।

आज राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 75,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इस बीच 99.5 फीसदी शुद्धता वाला सोना भी 100 रुपये बढ़कर 75,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 75,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ट्रेडर्स ने सोने की कीमतों में बढ़ोतरी का श्रेय स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख को दिया।

# श्रीलंका दौरे के लिए रवाना हुई टीम इंडिया

नई दिल्ली। भारतीय टीम का अगला असाइनमेंट श्रीलंका का दौरा है. श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया को 3 मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की वनडे सीरीज़ खेलनी है. 27 जुलाई से शुरू होने वाले इस दौरे के लिए भारतीय टीम श्रीलंका के लिए रवाना हो गई है. हेड कोच गौतम गंभीर के साथ टीम के कई खिलाड़ी दिखाई दिए. यह गंभीर का टीम इंडिया के हेड कोच के रूप में पहला असाइनमेंट होगा.



न्यूज़ एजेंसी एनआई ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें गौतम गंभीर सहित कई खिलाड़ी श्रीलंका के लिए निकलते हुए दिख रहे हैं. वीडियो में सबसे पहले हेड कोच गौतम गंभीर दिखाई देते हैं. इसके बाद संजू सैमसन और रवि बिश्नोई सहित कई खिलाड़ी बस पर चढ़ते हुए दिखाई दिए.

हेड कोच~ श्रीलंका दौरे से गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच के रूप में दिखाई देंगे. इससे पहले राहुल द्रविड़ टीम के हेड कोच थे, जिनका 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद कार्यकाल खत्म हो गया था.

टी20 से रिटायर हो चुके हैं रोहित और विराट~ टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के साथ रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास का एलान कर दिया था. ऐसे में रोहित शर्मा और विराट कोहली सिर्फ वनडे सीरीज़ में दिखाई देंगे.

सूर्यकुमार यादव होंगे टी20 के कप्तान~ रोहित शर्मा के बाद सूर्यकुमार यादव को भारत की टी20 टीम का कप्तान बनाया गया. इससे पहले हार्दिक पांड्या को कप्तान के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन फिटनेस के खराब रिकॉर्ड के चलते हार्दिक कप्तान नहीं बने.

## 2027 वनडे वर्ल्ड कप खेलेंगे रोहित शर्मा और विराट कोहली!

नईदिल्ली। टीम इंडिया के हेड कोच बनने के बाद गौतम गंभीर ने आज पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. उन्होंने इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवालों के जवाब दिए. इस दौरान उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर भी कई बाते कही. टीम इंडिया के हेड कोच का मानना है कि रोहित और कोहली चाहें तो वह 2027 में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप भी भारत के लिए खेल सकते हैं.



गौतम गंभीर ने कोहली और रोहित को लेकर कहा, रोहित और विराट ने दिखाया है कि वह बड़े मंच पर क्या कर सकते हैं, चाहे वह वनडे वर्ल्ड कप हो या टी20 वर्ल्ड कप. मुझे लगता है कि इन दोनों में अभी भी खूब क्रिकेट बची है. चैंपियंस ट्रॉफी और उससे पहले ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए दोनों काफी मोटिवेटेड होंगे. उम्मीद है अगर वे अपनी फिटनेस जारी रख सके तो 2027 वनडे विश्व कप दूर नहीं है. दोनों को ही ये फैसला करना है कि वह टीम को कितना योगदान दे सकते हैं, क्योंकि आखिरकार टीम को कामयाब बनाना है, लेकिन दोनों में अभी खूब क्रिकेट बची है. दोनों वर्ल्ड क्लास प्लेयर्स हैं.

गंभीर ने रोहित-कोहली की टी20 से संन्यास पर कहा, हां, रोहित, विराट और जडेजा के रिटायर होने से हम टी20 में बदलाव से गुजर रहे हैं. 3 अलग-अलग फॉर्मेट के लिए 3 अलग-अलग टीमें रखने का कोई मतलब नहीं है. गौतम गंभीर ने कोहली से अपने रिश्ते को लेकर कहा , विराट कोहली के साथ किस तरह का रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं है. फिलहाल, हम भारत के 140 करोड़ भारतीयों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं.

## क्रिकेट में खुलेआम भ्रष्टाचार, आरोपों की लिस्ट है बहुत लंबी; ICC को लिखी गई चिट्ठी




नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी संयुक्त राज्य अमेरिका ने की थी, लेकिन अब उसके करीब एक महीने बाद ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं. अमेरिका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष वेणु पिसिके और उनकी टीम पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं उन्होंने अपनी पावर का अनैतिक तरीके से दूसरों के खिलाफ इस्तेमाल किया है. क्रिकबज की एक रिपोर्ट अनुसार यूएसए क्रिकेट के डायरेक्टर कुलजीत सिंह, अर्जुन सोना और पैट्रिशिया विटटेकर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस संबंध में ईमेल भेजा है.

ढ्ढष्टष्ट को भेजे गए ईमेल में वेणु पिसिके पर आरोप हैं कि उन्होंने अन्य डायरेक्टर्स के लिए वातावरण को मुश्किल बनाने का प्रयास किया और सीईओ नूर मुराद को अनैतिक तरीके से बर्खास्त भी करवाया. ईमेल में बताए गए बिंदुओं में असंवैधानिक तरीके से की गई नियुक्तियों का भी जिक्र है. यह भी आरोप हैं कि पिसिके ने अवैध रूप से चुनावी लाभ की लालसा रखते हुए संवैधानिक संशोधन किया और भ्रष्टाचार भी किया है. यह मामला यहीं शांत नहीं हो जाता क्योंकि ढ्ढष्टष्ट को लिखी गई चिट्ठी में डायरेक्टर और उसके अलावा छोटे पदों पर मौजूद लोगों को नौकरी से निकालने की धमकी देने का भी जिक्र है. चिट्ठी में एक स्टेटमेंट भी मौजूद है, जिसमें बताया गया, हम छोटे पदों पर मौजूद लोगों को घेर कर नौकरी छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है.

यदि हमने उनकी बात न मानी तो हमारे खिलाफ कड़ा एक्शन लिए जाने की धमकी दी गई है.÷ यहां तक कि साल 2023 से विटटेकर को हटाए के कई प्रयास किए जा चुके हैं. चिट्ठी में लंबे-चौड़े आरोपों की सूची में यह भी बताया गया है कि सदस्यता प्रबंधन कंपनी के चयन में भी भ्रष्टाचार किया गया है.

# प्रथम पेज का शेष

**चीनी कंपनियों के निवेश को देना होगा बढ़ावा**

होनी चाहिए। यह वैश्विक मंच पर भारत निर्मित उत्पादों के बाजार को बढ़ाने और वैश्विक सप्लाई चेन में भारत को ज्यादा हिस्सा दिलाने वाला उपाय साबित हो सकता है। सर्वेक्षण ने पीएम मोदी के तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री बनने के संदर्भ में कहा है कि इससे नीतिगत निरंतरता व स्थिरता जारी रहेगी

**सरकारी नियंत्रण कम करने का सुझाव**

सरकार को यह सुझाव भी दिया है कि वह कई क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण कम करे। देश में लाइसेंसिंग व इंसपेक्शन (जांच-परीक्षण) से जुड़े नियमों का अभी भी भारतीय उद्योग पर बड़ा बोझ है। पहले के मुकाबले सरकार पर इसका बोझ कम हुआ है लेकिन अभी भी यह बहुत ज्यादा है। इसी तरह से उद्योग की जरूरत के हिसाब से युवाओं को प्रशिक्षण नहीं मिलना भी एक बड़ी चुनौती है।

**आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर भीषण आग से बड़ा..**

ब्रह्मपुत्र का वजन तकरीबन 5,300 टन है, इसकी लंबाई 125 मीटर है, चौड़ाई 14.4 मीटर है और यह 27 नॉट से अधिक की गति से चलने में सक्षम है। आईएमएस ब्रह्मपुत्र मध्यम दूरी, नजदीकी दूरी और विमान भेदी तोपों, सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और टारपीडो लांचर से सुसज्जित है। जहाज में समुद्री युद्ध के सभी पहलुओं को कवर करने वाले सेंसर की एक विस्तृत श्रृंखला है और यह सीकिंग और चेतक हेलीकॉप्टरों को संचालित करने में सक्षम है।

**सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2024 का विवाद....**

यह आदेश पारित जारी किया। पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय के रजिस्टार जनरल से आईआईटी दिल्ली के निदेशक को अदालत के इस आदेश से तत्काल अवगत कराने को कहा, ताकि आदेश का शीघ्रतापूर्वक पालन किया जा सके। शीर्ष अदालत लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े इस मामले पर मंगलवार को भी जारी रखेगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने दोबारा परीक्षा के लिए निर्देश देने की मांग करते हुए दावा किया कि नीट यूजी परीक्षा बिना किसी तय प्रक्रिया का पालन किए आयोजित की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी तरह से प्रणालीगत विफलता थी और किसी भी स्थान पर आवेदकों के पते का सत्यापन नहीं किया गया था। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी भी सभी जगहों नहीं की गई थी। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा ने अदालत के समक्ष तर्क देते हुए कहा कि सवाई माधोपुर में गलत प्रश्नपत्र वितरित किया गया था, लेकिन कोई लाइव निगरानी नहीं थी। सोशल मीडिया पर उन्हें गलत प्रश्नपत्र के बारे में पता चला। पीठ ने कहा कि आरोपियों के बयानों से संकेत मिलता है कि कई विद्यार्थी 04 मई की शाम को याद करने के लिए एकत्र हुए थे। इसका मतलब है कि नीट यूजी 2024 का प्रश्न पत्र 04 मई से पहले सार्वजनिक पहले हुआ था। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि ई-रिक्शा द्वारा ले जाया गया प्रश्नपत्र एक स्थापित तथ्य है, लेकिन जो तस्वीर वितरित की गई वह ओएमआर शीट की थी न कि प्रश्नपत्र की। श्री हुड्डा ने दोबारा परीक्षा कराने पर जोर देते हुए दावा किया कि पूरी परीक्षा आयोजित करने का तरीका विश्वास पैदा नहीं करता। हर स्तर पर प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने की संभावना थी, उन्होंने स्वीकार किया कि ऐसा हुआ था और व्हाट्सएप पर इसका प्रसार हुआ था।

**नाराज चीफ जस्टिस ने कहा- कौन किसान इतनी मछलियां नदी में डालेगा......**

सात अफसरों को पक्षकार बनाया है। रायपुर रोड पर मोहभट्ठा धूमा स्थित भाटिया वाइंस के प्लांट से निकलने वाली घटिया क्वालिटी की स्पिरिट को शिवनाथ नदी में बहाया जा रहा है। इसी वजह से तीन दिन पहले लाखों मछलियां मर गईं। दूषित पानी पीने से कुछ मवेशी भी नदी में मरे मिले हैं। वहीं, मामले को दबाने के लिए भाटिया वाइंस प्रबंधन ने मजदूर भेजकर नदी की सफाई भी कराई।

आबकारी और पर्यावरण विभाग की टीम गांव पहुंची। पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने खजरी में जमा जहरीले पानी का सैंपल भी लिया। जिसे जांच के लिए भेजा गया है। स्थानीय लोग नदी में मरी मछलियों को खाने के लिए घर ले जा रहे थे। इस दौरान ग्राम कोनी के युवक ज्ञान चंद वर्मा ने उन्हें जागरूक करने के लिए एक वीडियो बनाया। इंटरनेट मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर इसे प्रसारित किया गया। वीडियो के प्रसारित होने के बाद प्रशानिक अमले में हडकंप मचा। जिला प्रशासन के साथ ही पर्यावरण संरक्षण विभाग के अफसरों ने जांच पड़ताल शुरू की।

**रिपोर्ट आते तक प्लांट रहेगा बंद**

पर्यावरण संरक्षण बोर्ड की ओर से पैरवी करते हुए वकील अमृतो दास ने सवालों के जवाब के पेश करने की लिए समय मांगा। पर्यावरण संरक्षण बोर्ड द्वारा भाटिया वाइन को जारी 20.जुलाई 2024 का एक पत्र भी प्रस्तुत किया है। भाटिया वाइन मर्चेंट्स प्रा. लिमिटेड द्वारा औद्योगिक अपशिष्टों को भूमिगत प्लास्टिक पाइप के माध्यम से पानी के माध्यम से खजरी नाला में प्रवाहित करने के संबंध में, जो अंततः शिवनाथ नदी में प्रवाहित होता है। उक्त पत्र के माध्यम से, एक निवारक उपाय के रूप में, उद्योग को संबंधित विभागों से जल विश्लेषण रिपोर्ट और प्रधान कार्यालय द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने और उसके बाद की जाने वाली कार्रवाई तक अपना संचालन बंद करने का निर्देश दिया गया है। एमएस भाटिया वाइन मर्चेंट्स प्रा. लिमिटेड को आगे चेतावनी दी गई है कि उस पर पर्यावरणीय जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने कोर्ट को बताया कि 27 अप्रैल 2024 को अनुविभागीय दंडाधिकारी पथरिया, जिला मुंगेली ने क्षेत्रीय प्रबंधक, पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जांच कराने के लिए निर्देशित किया है। फैक्ट्री से खतरनाक रसायनों वाले अनुपचारित पानी छोड़ने के कारण मछलियों की मौत के संबंध में, जो लोगों, जानवरों, पौधों और फसलों को सीधे प्रभावित करने वाले कई स्वास्थ्य खतरों का कारण बन रहा है। उक्त ज्ञापन की प्रति कलेक्टर मुंगेली, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी को भी भेजी गई है। उक्त तिथि को ही भाटिया ग्रुप को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। भाटिया वाइन मर्चेंट्स प्रा. लिमिटेड से नदी में केमिकल युक्त पानी छोड़े जाने के संबंध में दो मई 2024 तक स्पष्टीकरण मांगा है। महाधिवक्ता ने कहा कि इसके बाद 12 जुलाई 2024 को क्षेत्रीय प्रबंधक, पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर को एक स्मरण पत्र भी भेजा गया था, जिसमें उन्हें निरीक्षण करने और अपनी स्पष्ट राय के साथ 23 जुलाई 2024 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। हालांकि, रिपोर्ट आज तक प्राप्त नहीं हुआ। महाधिवक्ता ने बताया कि उसी दिन, बीएस. भाटिया, मेसर्स को एक और ज्ञापन भेजा गया। भाटिया वाइन मर्चेंट्स प्रा. लिमिटेड धूमा, सरगांव को उपरोक्त स्थिति से अवगत कराते हुए 23 जुलाई 2024 को अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने कहा गया था।

**मामले की जांच कराने तैयार**

भाटिया वाइन की ओर से अधिवक्ता अभिषेक सिन्हा ने कहा कि जहां तक पर्यावरण संरक्षण बोर्ड द्वारा 20 जुलाई 2024 को जारी पत्र का सवाल है, वह यह बताने में असमर्थ है कि यह पत्र भाटिया वाइन को प्राप्त हुआ है या नहीं। मेसर्स. भाटिया वाइन मर्चेंट्स प्रा. लिमिटेड उपरोक्त समाचार रिपोर्ट के साथ-साथ अनुविभागीय मजिस्ट्रेट, पथरिया द्वारा अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों के संबंध में जांच कराने के लिए तैयार है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि राज्य के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड के विद्वान वकील द्वारा प्रदान किए गए दस्तावेजों की प्रति को रिकार्ड पर लिया गया है। कोर्ट ने कहा कि सुनवाई की अगली तिथि में, पर्यावरण संरक्षण बोर्ड की ओर से उपस्थित वकील अमृतो दास इस न्यायालय को सूचित करेंगे कि सब डिविजनल मजिस्ट्रेट पथरिया के साथ-साथ 27 जुलाई 2024 को ज्ञापन जारी करने के बाद बोर्ड ने क्या कार्रवाई की है। भाटिया वाइन के अधिवक्ता इस न्यायालय को यह भी सूचित करेंगे कि क्या उन्हें छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड बिलासपुर द्वारा जारी 20 जुलाई 2024 का नोटिस प्राप्त हुआ है और क्या उन्होंने उस पर कोई जवाब प्रस्तुत किया है या नहीं।

**कर्नाटक में ईडी अधिकारियों के खिलाफ...**

लिए कहा गया था। उन्होंने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा कि इसके बाद अधिकारियों ने उनसे मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्री बी नागेंद्र का नाम बताने को कहा, जिन्हें इस मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है और कुछ अन्य लोगों का भी नाम बताने को कहा।

**तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ**

भी प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया है। किसानों ने रणनीति बनाई है कि 15 अगस्त को पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च किया जाएगा। देशभर के किसानों से सरकार की नीतियों का विरोध करने की अपील की गई है। शंभू बॉर्डर पर किसान लंबे समय का राशन लेकर पहुंचने लगे हैं। किसान लंबे समय से शंभु बॉर्डर पर डटे हुए हैं। 31 अगस्त को इस धरने को 200 दिन पूरे हो जाएंगे।

**नीतीश कुमार इस्तीफा दें..**

कब तक सत्ता के लिए भाजपा और एनडीए का साथ देकर बिहार के विकास की गति को अवरुद्ध करते रहेंगे। समय रहते उन्हें एक स्वस्थ और विकासवादी राजनीतिक विकल्प की तलाश करनी चाहिए, जिससे राज्य का चहुंमुखी विकास संभव हो सके और बिहार का पिछड़ापन दूर हो सके। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को अब नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री पद छोड़ने की हिम्मत दिखानी चाहिए।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सवः सीएम साय ने की ब्रह्मलीन गुरुदेव राम जानकी दास की समाधि निर्माण की घोषणा

**बालोद (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बालोद जिले के डौंडीलोहारा विकासखण्ड स्थित जामड़ी पाटेश्वर धाम आश्रम पहुंचे. मुख्यमंत्री ने वहां सत्संग स्थल कौशल्या धाम में संत योगी बालकदास से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया।**




छात्रावास जुगेंरा की बढ़ाई जाएंगी सीटें

इस अवसर सांसद भोजराज नाग सहित देवलाल ठाकुर और अन्य अतिथियों के अलावा, आई.जी. रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, एसपी जे.आर. ठाकुर समेत अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे. मुख्यमंत्री साय ने ब्रम्हलीन संत राम जानकी दास जी के समाधि स्थल में पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और सत्संग स्थल परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबोधित करते हुए उपस्थित सभी लोगों का स्वागत अभिनंदन किया।

उन्होंने पाटेश्वर धाम में ब्रम्हलीन गुरुदेव राम जानकी दास की समाधि निर्माण कराने तथा मंदिर परिसर में हाई मास्ट लाईट लगाने और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए शेड निर्माण कराने की घोषणा की, मुख्यमंत्री ने जुगेंरा प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास की सीटें 50 से बढ़ाकर 100 करने की घोषणा की।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 31 जुलाई तक

मोहला (दावा)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2024 के बेहतर क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार तथा किसानों के फसल बीमा के लिए कृषि विभाग द्वारा जुलाई में सहकारी समिति स्तर पर शिविर एवं बीमा कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा ग्राम स्तर पर फसल बीमा पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है।

**जिले के समस्त ग्राम पंचायत में कृषि विभाग व बीमा कंपनी कर रही शिविर**

शिविर में कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा अऋणी कृषकों को मौसम एवं वर्षा को देखते हुए फसलों की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल होने एवं ऋणी कृषकों को आप्ट अकाउंट फॉर्म नहीं भरने की सलाह दी जा रही है। उपसंचालक कृषि जे.एल.मंडावी द्वारा समस्त कृषकों से अपील की है कि वे अपनी फसलों का बीमा करवाये, जिसके लिए वे अपने नजदीकी सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र, और संबंधित बैंकों, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विभाग में संपर्क कर सकते हैं। साथ ही समस्त समितियों को निर्देशित किया गया है कि वह किसी भी कृषक को वापस नहीं भेजे जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में मुख्य अधिसूचित फसल धान सिंचित, धान असिंचित, कोदो, कुटकी, रागी, अरहर व मक्का है।

# प्रधानमंत्री आवास की राशि तीन लाख तक बढ़ाए मोदी सरकार - महेन्द्र यादव

**राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के महामंत्री महेंद्र यादव ने अपने एक जारी बयान में कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने अपने खोखले चुनावी वादे पूरे नहीं कर पा रही है।**



कहा - हितग्राहियों की पुराने व नए राशि जल्द से जल्द स्वीकृत करे

अभी भी राजनादगांव जिले के लगभग 50 हजार हितग्राही की स्वीकृति अटकी हुई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना का बुरा हाल है। हितग्राही अपने आवास के लिए नगर निगम और जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के चक्कर काट रहे। फिर भी आप हितग्राहियों को अपने आवास का पैसा नहीं मिल रहा है। जिसके वजह से हितग्राहियों के आवास आधे अधूरे पड़े हुए हैं लोग आवास योजना को लेकर राशि नहीं मिलने पर भाजपा सरकार को लेकर नाराजगी जाहिर की है।

श्री यादव ने आगे कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास की राशि 3 लाख तक बढ़ाए एक ओर जहां छड़, सीमेंट, रेत, गिट्टी, ईट के भाव आसमान छू रहे हैं और केंद्र में बैठी मोदी सरकार अभी भी 2016-17 पिछले 9 वर्षों से आवास हेतु पुराने दर सिर्फ डेढ़ लाख रुपये राशि ही दे रही है। एक लाख तीस हजार नगद और लगभग बीस मजदूरी भुगतान हेतु इतने कम पैसों में गरीबों का आवास हेतु सपना संजोना संभव नहीं है। अंततः हितग्राही मजबूर होकर बाकी के पैसे कर्ज लेकर अपना घर बना पाएंगे और फिर से कर्ज के बोझ में दब जायेंगे। केंद्र सरकार जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास हेतु राशि तीन लाख स्वीकृति करें। और बचे हुए पुराने और नए हितग्राहियों की राशि जल्द से जल्द स्वीकृत करें।

# नागतराई के झूलेंद्र वर्मा बने छात्र युवा मंच संगठन के प्रदेश मंत्री

**डोंगरगढ़ (दावा)। सेवाभावी संस्था छात्र युवा मंच परिवार के प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है जिसमें धर्मनगरी डोंगरगढ़ के समीपस्थ ग्राम नागतराई के झूलेंद्र वर्मा को प्रदेश मंत्री का दायित्व दिया गया है, झुलेन्द्र वर्मा ने बताया कि संगठन के 13वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिंहा सर और प्रदेश संयोजक नागेश यदु के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश में यह प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की गई।**

श्री वर्मा ने बताया कि रक्तदान को जन अभियान बनाने व रक्तदान के प्रति भ्रांतियों को दूर करने के लिए यह संस्था विगत 2013 (11 वर्षो) से लगी हुई है इसका परिणाम है की आज छात्र युवा मंच संगठन 97 रक्तदान शिविर आयोजित करके अनजान मरीजों को रक्त उपलब्ध करा कर जीवनदान प्रदान करने का कार्य कर रही है, चूंकि संगठन अब छत्तीसगढ़ में एक अलग पहचान बना चुकी है पर संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने और संगठन को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में भूमिका निभाने के लिए छात्र युवा मंच के प्रदेश बॉडी की नियुक्ति कर दी गई है।

### कठिन था संगठन का विस्तार और रक्तदान को जन अभियान बनाने का सपना



वर्मा जी ने बताया कि 2013 में जब संगठन का स्थापना हुआ था तब रक्तदान से लोग भयभीत होकर रक्तदान के लिए मना कर देते थे लेकिन आज छात्र युवा मंच संगठन ने पूरे प्रदेश में रक्तदान का एक अलग अलख जगा कर लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता ला दिया है। वर्मा जी ने बताया कि छात्र युवा मंच संगठन ने 6500 से भी अधिक लोगों को रक्त प्रदान कर जीवनदान देने का कार्य कर रही उन्होंने बताया कि एक अनजान को लोग पानी भी नहीं पूछते हैं लेकिन हमारी संगठन अनजान मरीजों को सिर्फ एक पर्ची के माध्यम से ही रक्त उपलब्ध करा कर जीवनदान देने में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

### खून से सींचा हुआ संगठन है छात्र युवा मंच

इनका श्रेय संगठन के आधार स्तंभ नागेश यदु, लिकेश्वर सिंह सर, चंद्रभान जंघेल, आगेश्वर वर्मा, दीपक देवांगन, लोकेश बारापत्रे और माधव साहू को जाता है जिन्होंने खून से सींच कर यह संगठन (परिवार) का निर्माण किया। कठिन समय में जब लोग रक्तदान के प्रति डर की भावना रखते थे उस समय उन्होंने कठिन परिश्रम करके रक्तदान शिविर आयोजन करके लोगों में फैली भ्रांति को दूर करके रक्तदान के लिए जागरूक किया, इसी का परिणाम है कि छह लोगों से बनी संगठन आज 7000 से अधिक का बन चुका है और पूरे प्रदेश में रक्तदान के क्षेत्र में छात्र युवा मंच का नाम रिकॉर्ड में दर्ज है।

### छत्तीसगढ़ के इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा छात्र युवा मंच का नाम

आज 22 जनवरी को भगवान श्री रामचंद्र के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बड़े ही भव्य तरीके से पूरे भारत देश में मनाया गया था उसी के 1 वर्ष बाद 22 जनवरी 2025 को राम जी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में छत्तीसगढ़ की इतिहास में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि छात्र युवा मंच के रक्तदान शिविर में 1000 युवा एक साथ रक्तदान करेंगे जो की छत्तीसगढ़ के इतिहास में ऐतिहासिक विशाल और भव्य आयोजन होगा।

### पहले भी बना चुके है रिकॉर्ड

झूलेंद्र वर्मा ने बताया कि छात्र युवा मंच पहले भी छत्तीसगढ़ में रिकॉर्ड कायम कर चुका है जिन्होंने अभी तक 97 रक्तदान शिविर आयोजित कर छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा रक्तदान शिविर लगाने वाली संस्था में प्रथम स्थान पर है और निरंतर ही रक्तदान शिविर आयोजन कर इस क्रम को बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है।

# नाबालिग की नदी में डूबने से मौत

बालोद(दावा)। नाना के घर मुल्लेगुड़ा घूमने गए 17 साल के लड़के की नदी में डूबने से मौत हो गई. मृतक नाबालिग अपने दोस्त के साथ नाना के घर घूमने गया था. वहां अपने नाना के साथ मछली पकड़ने नदी में उतरा और अधिक बहाव के कारण डूबने से उसकी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम गुलेश्वर निसाद है और वह बलौद जिले के मरकाटोला गांव का निवासी था. गुलेश्वर अपने दोस्त युगल किशोर कांगे के साथ बालौद जिले के मुल्लेगुड़ा गांव में अपने नाना तुलाराम निषाद के घर घूमने गया था. वहां नाना और दोस्त के साथ वह मुल्लेगुड़ा की नदी में मछली पकड़ने गया.

इस दौरान नदी में पानी का बहाव काफी तेज होने के कारण वह नदी में बह गया. आसपास मछली पकड़ रहे लोगो ने उसे बचाने की काफी कोशिश की लेकिन तेज बहाव के चलते उसे बचाना संभव नहीं हो पाया. मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया.

# मनीष साहू को मिला प्रदेश महामंत्री का दायित्व

**राजनांदगांव (दावा)। देश हित और समाज के प्रति रचनात्मक व सकारात्मक कार्य करने वाली सेवा भावी राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच परिवार के प्रदेश संयोजक नागेश यदु प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश में प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा किया गया जिसमें मनकी निवासी मनीष साहू को प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया।**



मनीष साहू ने बताया कि छात्र युवा मंच परिवार निरंतर रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं हमें गर्व है कि हम इस संगठन के पदाधिकारी हैं जब से संगठन में जुड़े हैं हमारा एक अलग पहचान बना है मैं इस संगठन से जुड़कर निरंतर रचनात्मक व सकारात्मक कार्य करता रहूंगा संगठन में सदस्यता ग्राम अध्यक्ष के रूप में शुरू हुआ उसके बाद निरंतर मुझे 2020 में सुरगी मंडल का उपाध्यक्ष 2021 में राजनांदगांव जिला शहर प्रमुख 2022 में राजनांदगांव जिला उपाध्यक्ष और 2023 में प्रदेश महामंत्री और इस बार 2024 में प्रदेश मंत्री के पद का दायित्व मिला है

### सबसे विशाल और भव्य रक्तदान शिविर

22 जनवरी 2025 भगवान श्री राम जी के अयोध्या मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार ऐसा होने जा रहा कि राजनांदगांव के गुरुव्दारा चौक से फौव्वारा चौक तक छात्र युवा मंच के 100वें रक्तदान शिविर में 1000 युवा एक साथ रक्तदान करेंगे राजनांदगांव बनेगा रक्तवीरों का शहर आप भी रक्तदान करें।

# छात्र युवा मंच के साप्ताहिक बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

राजनांदगांव (दावा)। आज गुरुद्वारा के पास स्थित रक्त सहायता केंद्र में छात्र युवा मंच परिवार की आवश्यक बैठक रखी गई थी। इस बैठक में प्रदेश संयोजक नागेश यदु रक्तवीर ने उपस्थित पदाधिकारियों को आगामी कार्यक्रम की योजना से अवगत कराते बताया की संगठन द्वारा पांच वार्षिक कार्यक्रम की रुपरेखा बनाया गया हैं।




रक्तदान यातायात जागरूकता परीक्षा 2 अगस्त से

जिसमें 12 जुलाई स्थापना दिवस, 23 अगस्त मधुसूदन यादव के जन्मदिन में रक्तदान शिविर 15 अक्टूबर डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर 22 जनवरी भगवान विशाल रक्तदान शिविर या अन्य कार्यक्रम का आयोजन होगा, साथ ही संगठन के अन्य कार्यक्रम व अभियान भी निरंतर जारी रहेंगे जिसमे दो अगस्त सहसंगठक दीपक देवांगन के जन्मदिन के अवसर पर से रक्तदान यातायात जागरूकता परीक्षा का आयोजन जिले के समस्त स्कूल कॉलेज में आयोजित की जाएगी, परीक्षा का आयोजन विगत वर्षों की तरह दो चरणों में आयोजित किया जाएगा प्रथम चरण ऑफलाइन व द्वितीय चरण ऑनलाइन आयोजित की जाएगी जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो को नगद पुरुस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

### संगठन ने बांटा विभागों व स्कूलों की जिम्मेदारी

संगठन के प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल ने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी को निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए उपस्थित पदाधिकारीयों को विभाग व स्कूलों की जिम्मेदारी सौंप गई जिसमें चंद्रभान जंघेल ने नगर निगम विभाग, शंकरपुर स्कूल, स्टेट हाईस्कूल, दीपक देवांगन को शिक्षा विभाग ठाकुर प्यारेलाल स्कूल व आदर्श स्कूल ममतानगर, लोकेश बारापात्रे को आरटीओ विभाग, यातायात विभाग वेसलियन स्कूल व राजेश्वरी स्कूल भागवत वर्मा को स्वास्थ्य विभाग पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल व गुजराती स्कूल, दुष्यंत सेन को बघेरा स्कूल व परसबोड स्कूल, रूपेश दास मानिकपुरी को जंगलपुर स्कूल व पनेका स्कूल, मनीष साहू को सुंदरा व भरेगांव स्कूल की जिम्मेदारी सौपी गई।

# स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। पंजीकृत छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अखण्ड ब्राह्मण समाज संगठन का 17 जुलाई 2024 को स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम जी के पूजा अर्चना कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री अनुज शर्मा विधायक धरसींवा, विशिष्ट अतिथि ज्ञानेश शर्मा पूर्व योग आयोग अध्यक्ष, प्रमोद दुबे सभापति नगर निगम रायपुर, कार्यक्रम अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ.सरिता दुबे संयोजक, श्रीमती भारती किरण शर्मा अध्यक्ष, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा संरक्षक, निशा तिवारी प्रदेशाध्यक्ष नारी प्रकोष्ठ के आतिथ्य में वृंदावन हाल रायपुर में सम्पन्न हुआ। इसमें सभी जिला ईकाई, ब्लाक, स्थानीय ईकाई के पदाधिकारियों की गौरवमयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव संजय शुक्ला के द्वारा पिछले नौ वर्षों के कार्यों का विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती भारती किरण शर्मा जी ने अतिथियों से संगठन के लिए भवन नामांतरण व बीरगांव ईकाई के लिए भी भवन निर्माण सम्बन्धित मांग रखी। समाज के प्रतिभाशाली जो विज्ञान जगत,खेल जगत, संगीत, नृत्य, पेंटिंग,सोसियल मीडिया,व अन्य विविध क्षेत्र में राज्य स्तरीय व राज्य से ऊपर स्थान रखने वाले प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं, युवक- युवती,जिसमें जिला राजनांदगांव



से शुभ्रा चौबे, को गौ धन सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने हेतु सम्मानित किया गया। भूमिका उपाध्याय, अनुजा दुबे, अनंत बाजपेई, भव्या तिवारी, संकल्प शुक्ला, प्रज्ञान तिवारी, यशोदय शर्मा, ओझल पाण्डेय,अरूज शर्मा,अनुषा शर्मा,अंश तिवारी, अरूंधति उपाध्याय,आयुषी शर्मा, प्रगति दुबे,वंशिका शुक्ला, समृद्धि शर्मा, जीवा तिवारी 16 लोगों को प्रतीक चिन्ह, नारियल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के समस्त प्रदेश पदाधिकारी व विभिन्न जिले से आये पदाधिकारियों का प्रतीक चिन्ह,मेडल, व नारियल देकर सम्मान किया गया। प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज के जिला राजनांदगांव से श्रीमती वंदना तिवारी ने जिला अध्यक्ष व प्रदेश महासचिव पद पर सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के द्वारा संगठन के लिए अनेकों उत्कृष्ट कार्य किये। जिसके लिए श्रीमती वंदना तिवारी को पद्मश्री श्री अनुज शर्मा विधायक धरसींवा के कर कमलों से सम्मानित किया गया। सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज से श्रीमती ममता द्विवेदी, श्रीमती रमा तिवारी, श्रीमती वंदना चौबे, रोहित तिवारी को सम्मान प्राप्त हुआ। डोंगरगांव से श्रीमती अंजू त्रिपाठी, खैरागढ़ से श्रीमती अंजू पाण्डेय, छुईखदान से श्रीमती सरिता शर्मा को सम्मान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन संजय शुक्ला व श्रीमती शंजिता शुक्ला प्रदेश सचिव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। स्थापना दिवस में 23 जिलों से आये सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रश्मि शर्मा महासचिव कोरबा, वन्दना तिवारी उपाध्यक्ष बिलासपुर, प्रीति शुक्ला कोषाध्यक्ष, सुनिता मिश्रा महासचिव, सरिता तरुण शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्णिमा तिवारी सचिव नारी प्रकोष्ठ, सीमा दीवान, उपाध्यक्ष नारी प्रकोष्ठ, वन्दना तिवारी महासचिव राजनांदगांव, कमलेश शर्मा प्रदेश सचेतक, ईश्वर प्रसाद शर्मा संगठन सचिव, हितेश तिवारी प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, हितेश दीवान, संयोजक, प्रकाश दीवान अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, उमेश मिश्रा, प्रकाश दुबे, गौरव दुबे, अभिनव पाण्डेय, गौरव पाण्डेय की मुख्य रुप से कार्यक्रम आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शाम होते ही स्कूल मैदान मयखाने में तब्दील - विकल्प



वरिष्ठ नागरिकों सहित बच्चों के लिए मुसीबत बना मैदान

डोंगरगढ़ (दावा)। धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ का ये हाल है की नगर के हृदय स्थल स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का मैदान शाम होते ही मयखाने में तब्दील हो जाता है। हर तरफ़ डिस्पोजल गिलास चकना का पाउच और शराब की ख़ाली बोतल नज़र आने लगती है। कुछ दिन पूर्व विकल्प संस्था के द्वारा वृक्षारोपण किया गया था।

तब नगर पालिका के द्वारा पूरे मैदान को साफ़ कराया गया था पर स्कूल मैदान का दोनों द्वार खुला होने से शराबियों को खुली छूट मिल जाती है और मैदान मयखाना बन जाता है।

### वरिष्ठ नागरिकों सहित बच्चों के लिए मुसीबत बना मैदान

सुबह शाम मैदान में लोग खेलने व व्यायाम के लिए आते है। पर जगह -जगह पूरे मैदान में टूटी बोतले मिलती है। जिससे उनके घायल होने की भी आशंका बनी रहती है। अतः विकल्प संस्था नगर प्रशासन और शाला प्रशासन से निवेदन करता है की शाम होने से पहले दोनों द्वार पर ताला और छोटे दरवाज़े पर भी ताला लगाया जाये ताकि मैदान और आमजन सुरक्षित रहे।

# नरेंद्र मोदी की वैश्विक प्रसिद्धि से हर हिन्दुस्तानियों का सीना गर्व से फूल रहा है- राजेश गुप्ता अग्रहरि

राजनांदगांव(दावा)। जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता व प्रसिद्धि से हर भारतीय का सीना गर्व से फूला जा रहा है।



श्री अग्रहरि ने कहा कि हजारों साल बाद देश को नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री और जनता को सेवक मिला है जो देश की जनता के लिए 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं, और अपनी कर्तव्य निष्ठा से देश को सर्वाधिक ऊंचाई पर ले जा रहे हैं।

श्री अग्रहरि ने प्रेस को कहा कि मोदी जी अपने दबंग नेतृत्व से अच्छे-अच्छों की हालत पतली कर दे रहे है, किसी की हिम्मत नहीं हो रही भारत की ओर आंख उठाकर देख सके, यही वजह है कि दुनिया के बड़े- बड़े राष्ट्राध्यक्ष मोदी जी के प्रशंसक हुए जा रहे हैं, मोदी जी से दोस्ती करना गर्व समझते हैं। श्री अग्रहरि ने कहा कि अभी हाल में ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मोदी जी के 10 करोड़ से ज्यादा फालोवर्स हो गए है, यह दुनिया भर में मोदी जी की लोकप्रियता और महान राजनीतिज्ञ होने का सच्चा सबूत है। पुरी दुनिया के लिए सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करने वाला भारत देश व सनातनी सोच के चलते वसुधैव कुटुंबकम् की भावना रखने वाले हिंदुस्तान के एक-एक व्यक्ति में मोदी जैसी भावना समाई हुई है।

यही वजह है कि हमारा देश वैश्विक उंचाई को छूने शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। 60 सालों से देश को दब्बू और पिछड़ा हुआ बना कर रखने वाले लोगों को भले ही नहीं भा रहा लेकिन यह देश 100 मिलियन करोड़ फालोवर्स वाले मोदी जी के नेतृत्व में जाग गया है। चीन और पाकिस्तान को अपना सब कुछ समझने वाले विरोधियों के झूठ के फैलाए जाल में नहीं फंसने वाला है। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ने वाली देश का जनमानस यह जान ले समझ ले।

# विधायक भोलाराम साहू ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण का किया लोकार्पण



खुज्जी(दावा)। विधायक भोलाराम साहू ने ग्राम लालूटोला (उमरवाही) में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लालूटोला मे अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचकर फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक भोलाराम साहू ने जन समूहो को संबोधित करते हुए कहा कि जन सुविधाओं का ध्यान में रखकर प्राथमिकता के आधार पर मांगो को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से क्षेत्र में तीसरी बार सेवा करने का अवसर मिला है। इस विपक्ष में रहकर हम आपके दुख दर्द में सहभागी बनेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी, जनपद सदस्य हरिला चंद्रवंशी, जोन प्रभारी प्रताप घावडे, जनपद सदस्य देव पेंन्द्रो, सरपंच ज्योति कोठारी, तुलसीराम साहू, बिझम पटेल, परमू लाल मेहला तथा ग्रामीण जन बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# बोल बम की गूंज से माहौल हुआ गुंजायमान




## शिवनाथ नदी से कांवर में जल लाने कावरियों की उमड़ी भीड़... सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शहर सहित पूरे अंचल भर में शिव भक्ति की बयार रही। शिव भक्तों ने जल मदिरों में जाकर भगवान भोलेनाथ शिव की पूजा अर्चना की वही बोल बम कावरियों ने शिवनाथ नदी से जल लाकर शहर के शिव मंदिरों में चढ़ाए। इस दौरान कावरियों के बोल बम की गूंज से पूरा माहौल गुंजाय मान हो उठा। सुबह तकरीबन साढ़े पाच-छह बजे से ही कावर में जल लाने वाले कावरियों के बोल बम उच्चारण से पूरा माहौल धर्ममय व शिवमय बना रहा।

बता दे कि श्रावण मास में भगवान शिव पर की जलाभिषेक किए जाने की मान्यता है। इससे भगवान शिव प्रसन्न रहते है। इस मान्यता को अंगीकार करते हुए बोल के कावरिया शिवनाथ नदी से कावर में जल लाकर शहर के शिव मंदिरों में चढ़ाते है। इसके चलते शिवनाथ नदी में बोल बम कांवरियों की भीड़ उमड़ी रहती है। चूंकि इन दिनों शिवनाथ नदी में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। शहर की जीवनदायिनी नदी पूरे उठान पर है। ऐसे में बड़ी संख्या में कावरियों कांवर में नदी का जल भरते समय वहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं होने पर गंभीर हादसा भी हो सकता है। नदी का बहाव तेज होने से भी किसी के गिर जाने का खतरा बना हुआ है। बोल बम कांवरिए नदी तट पर जब भरने के लिए एकत्रित हो रहे है। इससे उनके पैर फिसलने का भी खतरा बना हुआ है। प्रशासन द्वारा नदी तट पर किसी तरह के बेरिकेट व पुलिस जवानों की व्यवस्था की गई है और न ऐसी घटना होने पर तैराक नजर आ रहे है।

बता दे कि उफनती नदी को देखने के लिए शहर के लोग भी यहां पहुंच रहे है। इससे किसी भी पल हादसा होने का डर बना हुआ है। सबसे ज्यादा खतरा बोल बाम कावरियों के नदी में घुस कर कांवर में जल भरने की है। ऐसे कावरियों को नदी में घुसने से मना करने वाला भी कोई नजर नहीं आ रहा। प्रशासन इस ओर से पूरी तरह बेफिक्र बना हुआ है। लोगों का कहना है कि नदी में कोई गंभीर हादसा होने पर ही प्रशासन जागेगा। बहरहाल बोल बम कावरियों की सुरक्षा के अभावों के बीच शिवनाथ नदी से कावर में जल लाने का कार्य बादस्तूर जारी है। बोल बाम के उच्चार से शहर गुंजायमान हो रहा है।

# शहर में धूमधाम से निकली महाकाल की पालकी यात्रा: छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की दिखी झलक

## भूत-प्रेतों के संग-अघोरी नृत्य, आदिवासी नृत्य, पंथी नृत्य रहे आकर्षण के केन्द्र




राजनांदगांव। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शहर में श्री चन्द्रमौलेश्वर बाबा महाकाल की धूम धाम के साथ पालकी यात्रा निकली। नंदई हाट बाजार के समीप दोपहर बाद निकली भगवान महाकाल की पालकी यात्रा में महाकाल भक्तों की भीड़ रही। भगवान महाकाल की भक्ति में नाचते झूमते लोग व शंख घड़ियाल व झांझ बजाते भक्तजन धर्ममय माहौल का सृजन कर रहे थे। हर भक्तों के मुंह से बोल बाम व जय-जय महाकाल का हो रहे उच्चार से पूरा वातावरण शिवोंमय बना रहा। बाजे गाजे के साथ निकली महाकाल की पालकी यात्रा में शिव के गणों का रूप धरे भक्त जन व अघोरी नृत्यय करते कलाकार आकर्षण के केन्द्र बने रहे वही अघोरियों द्वारा डम-डम डमरू निनाद से भक्तों में खासा उत्साह का संचार हो रहा था। यात्रा की अगुवानी महाकाल भक्त नीलू शर्मा सहित पवन डागा, राजू डागा, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व महापौर अजीत जैन आदि ने की इस दौरान महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने भगवान महाकाल की पूजा आरती की। इस दौरान मानव देशमुख व अन्य महिलाएं भी उपस्थित थी। इस दौरान भक्त जनों के हाथों में दीप ज्योति की आरती आलोक एक अवर्णनीय दृश्य उपस्थिति कर रहा था। शिव भक्ति भाव से भर लोग भगवान महाकाल का जयकारा लगाकर माहौल में भक्तिभाव का संचार कर रहे थे।

भगवान महाकाल की पालकी यात्रा वे इस बार छत्तीसगढ़ी संस्कृति की अदभूत छटा बिखरी रही। एक ओर जहां आदिवासी नृत्य लोगों को आकर्षितत कर रहा था। वही दूसरी ओर पंथी नृत्य का मनमोहक डांस भी लोगों में आकर्षण का केन्द्र रहा। इसी तरह महाकाल यात्रा में झांझ की झनकार व ढोल बाजों की तेज आवाज में नृत्य करते भक्त जन लोगों का मन मोह ले रहे थे। खास कर झांझ वादन करती युवतियां लोगों के बीच आकर्षण की केन्द्र बनी रही। महाकाल भक्त पवन डागा भगवान महाकाल की आरती करते हुए घंटी बजाकर नृत्य करते देखे गए। महाकाल यात्रा में उज्जैन के बाबा महाकाल की प्रतिकृति आकर्षण का केन्द्र बनी रही। बाबा महाकाल की पालकी यात्रा दोपहर बाद हाट बाजार नंदई से धुमधाम के साथ निकलकर प्रमुख मार्गों से होते हुए हमाल पारा स्थित मां लक्ष्मी मंदिर पहुंची जहां वार्ड पार्षद शरद सिन्हा ने भगवान महाकाल की पूजा-आरती की। नगर भ्रमण के दौरान महाकाल की पालकी यात्रा में महाकाल भक्त राजा माखीजा, आलोक बिन्दल आदि सहित बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल रहे। शहर के लोगों में भगवान महाकाल की पालकी यात्रा को कांधा देने में होड़ रही।

# ट्रक में टकराने से बाईक सवार दो युवकों की मौत



डोंगरगांव (दावा)। शहर से सटे ग्राम मोहड़ में ट्रक से टकराकर बाईक सवार दो युवकों की मौत हो गई है. घटना 21 जुलाई रविवार संध्या साढ़े सात बजे की है जब अपनी बाईक क्रमांक सीजी04 केटी 4236 में ग्राम मुचेण्ड से डोंगरगांव की ओर आ रहे दो युवक नागेश फरदिया पिता संतोष उम्र 27 वर्ष निवासी मुचेदण्ड और कोमल नायक पिता बिंदा उम्र 21 वर्ष निवासी मुचेदण्ड मोहड़ स्कूल के समीप सडक़ किनारे खड़े ट्रक क्रमांक सीजी-08 केसी 8558 के पीछे सीधे टकरा गए. दुर्घटना के बाद इन युवकों को 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया लेकिन सिर में चोट और अधिक खून बह जाने की वजह से इन दोनों युवकों की मौत हो गयी. दुर्घटना के कई घंटों के बाद इन युवकों का शिनाख्त नहीं हो पाया था. डोंगरगांव पुलिस के काफी मशक्कत के बाद इन दोनों युवकों की पहचान हो पायी और ये दोनों युवक डोंगरगांव थान क्षेत्र के ग्राम मुचेदण्ड के निवासी निकले. इनके परिजनों को सूचना के दिया गया और दूसरे दिवस सोमवार को पोष्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौप दिया गया है।

# आबकारी विभाग की सुस्ती से त्रस्त ग्रामीणों ने खोला मोर्चा




## आरी में बिक रहा अवैध शराब पकड़ किया पुलिस के हवाले

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम आरी में ग्रामीणों ने वर्षों से हो रहे अवैध शराब ब्रिकी को ग्राम में बंद करने के अपने लिए गए निर्णय पर एक कदम आगे बढ़ते हुए अपना उग्र रूप दिखाया और ग्राम के एक व्यक्ति के घर में दबिश देकर काफी मात्रा में शराब जब्त कर पुलिस को मौके पर बुलाया. ग्राम में लगातार बढ़ रहे शराबखोरी और आबकारी व पुलिस प्रशासन के सुस्त रवैय्ये से परेशान ग्रामीणों ने यह कदम उठाया है.

बता दें इसके पूर्व शराबियों कोचियों के लगातार बढ़ते कारगुजारियों के चलते 14 जुलाई को ग्राम विकास समिति आरी के बैठक में शराब पीने और विक्रय करने पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई थी और बिक्री करते पकड़े जाने पर भारी-भरकम जुर्माना का प्रावधान किया गया था. बावजूद इसके ग्राम का एक परिवार इस कार्य में लगातार लिप्त था. आरोप है कि इस परिवार की महिलाएँ तक शराब विक्रय करती थी लेकिन स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं किया जा रहा था. सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण अचानक दबिश देकर घर के आंगन में गड्ढा कर प्लाटिक डिब्बा में जगह-जगह दबाए गए शराब की बोतलों को जब्त किया और पुलिस को सूचित किया. हॉलाकि इस कार्यवाही के दौरान इस परिवार के कुछ आरोपी शराब के साथ फरार बताए जा रहे हैं किन्तु इस औचक कार्यवाही में 42 पव्वा देशी शराब जब्त किया गया है. ग्रामीणों की मानें तो यह बेलदार परिवार महाराष्ट्र के संत्री से लेकर छत्तीसगढ़ के शराब का अवैध विक्रय वर्षों से कर रहा है लेकिन आबकारी विभाग की कार्यवाही शून्य है. अवैध शराब को पुलिस के हवाले करने के बाद उग्र ग्रामीणों ने इस परिवार व्दारा किये जा रहे अतिक्रमण को भी जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया. साथ ही ग्राम में हो रहे अन्य अतिक्रमणों को मुक्त कराने के लिए कार्यवाही जारी रखने की बात कही जा रही है. इस संबंध में ग्राम के सरपंच एवं ग्राम पटेल ने बताया कि शराब विक्रय को लेकर पुलिस व्दारा ठोस कार्यवाही नहीं होती है. जिससे ग्रामीण परेशान होकर ग्राम में शराब विक्रय को पाबंदी लगाने का निर्णय लिया और बिसनाथ बेलदार के घर औचक दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकडक़र पुलिस के हवाले किया है और डोंगरगांव पुलिस व्दारा विवेचना और कार्यवाही जारी है. आरी के ग्रामीणों के व्दारा अचानक किये गए इस कार्यवाही की चहुंओर प्रशंसा हो रही है. ऐसे ही शराब के अवैध विक्रय को रोकने के लिए अन्य ग्रामों के ग्रामीण मन बना रहे हैं.

# हॉकी बेस्ट जोन 2024 नेशनल कैंप में दक्ष चौबे का सबसे कम उम्र का ऐतिहासिक रिकॉर्ड



राजनांदगांव (दावा)। उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा खेल के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट में प्रतिभावान छात्र दक्ष चौबे ने ओपन 2024 सब जूनियर हॉकी इंडिया द्वारा संपन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेस्ट जॉन नेशनल कैंप में प्रतिनिधित्व किया। जिसमें सबसे कम उम्र का खिलाड़ी होने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करवाया। शिक्षा विभाग के प्रतियोगिता भी कक्षा छठवीं से पहले नहीं खेला जा सकता दक्ष के बड़े पापा मृणाल चौबे ने भी रॉयल किड्स कान्वेंट का छात्र रहते सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता महज 12 वर्ष की उम्र में खेल कर रिकॉर्ड अपना नाम दर्ज करवाया है।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्षता श्रीमती डॉक्टर सविता जेबी सिंह, संस्था उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावन बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर आई के. वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, सीबीएसई प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल, सीजी बोर्ड प्राचार्य गोपाल साहू उपप्राचार्य, कल्चरल एक्टिविटी इंचार्ज, एचएम, कोऑर्डिनेटर एवं सभी शिक्षकों ने आगे बढ़ते रहने की बधाई व शुभकामनाएं दी।

# महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य जी ने नीम का पौधा रोपकर हरियाली का संदेश दिया



## वृक्ष गंगा समिति के अभियान में हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। श्री आनंद कृष्ण धाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष, महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी महाराज का नगर आगमन गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हुआ। वृक्ष गंगा अभियान समिति के द्वारा किए जा रहे पौधारोपण अभियान में पूज्य स्वामी महाराज शामिल हुए। केसर नगर के मुख्य मार्ग में नीम का पौधा रोककर स्वामी जी ने आम जनों को हरियाली का संदेश देते हुए वृक्षों की महत्ता एवं वर्तमान समय में वृक्षारोपण अभियान की आवश्यकता पर अपने संबोधन से हरिहर छत्तीसगढ़ का संदेश दिया।

इस अवसर पर वृक्ष गंगा समिति के रमेश पुरोहित, विवेक शुक्ला, दिलीप गुप्ता, श्री लड्ढा एवं गुरुदेव भक्त मंडल के खेमराज शर्मा, रानीदान शर्मा, अशोक लोहिया, कल्याण साहू, हितेंद्र शर्मा, नीता लोहिया, संगीता जोशी, भारती साहू सहित अनेक शिष्य उपस्थित हुए।

# कोकपुर में बिजली का पोल गिरा, कार दुर्घटनाग्रस्त



## विभाग की लापरवाही से एक बड़ा हादसा टला

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम कोकपुर में सोमवार की सुबह 11 बजे 33 केवी लाईन का विद्युत पोल अचानक गिरा गया. इस दुर्घटना में कोकपुर से छुरिया की ओर जा रहे एक कार क्रमांक सीजी 08एके 6133 चपेट में आ गया और अनियंत्रित होकर खेत के मेढ़ से टकरा गया. हॉलाकि कार में सवार किसी भी व्यक्ति को कोई गंभीर चोट नहीं आयी है लेकिन अचानक हुआ इस हादसे में कार चालक काफी सहम गया था और लाईन बंद होने तक ग्रामीणों की मदद का इंतजार करते कार में बैठा रहा. घटना इतना भयावह था कि हाई वोल्टेज लाईन का खंबा गिरने से तार टूटा और धुंआ उठने लगा. ग्रामीणों के इकट्ठा होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार को निकाला गया. गनीमत यह रही कि पोल गिरने और तार टूटने से से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ. ग्रामीणों की मानें तो कुछ समय पूर्व ही विद्युत पोल गड़ाया गया था और इसे खड़ा करते समय कांक्रीट सही तरीके से नहीं किया गया जिसकी वजह से ये पोल गिर रहे हैं. बता दें कि विद्युत विभाग के पोल गड़ाने से लेकर अधिकांश कार्य ठेके पर ही होते हैं, जिसकी मॉनिटरिंग विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नहीं होती और इस तरह के हादसे सामने आते हैं.

# स्टेशन पारा अंडरब्रिज का कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधीश अग्रवाल



राजनांदगांव (दावा)। स्टेशन पारा अंडर ब्रिज में कुछ दिनों से कार्य बंद होने पर स्टेशन पारा अंडरब्रिज का कार्य का निरीक्षण करने पहुँचें जिलाधीश संजय अग्रवाल से ब्लाक अध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि आसिफ अली ने स्टेशन पारा में पानी की समस्या को लेकर अवगत कराया विगत दिनों पानी की समस्या से वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा था और आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।

जिलाधीश श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित कर समस्या का समाधान करने कहा और कार्य को निरंतर जारी रखने कहा इस दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, शहर उत्तर ब्लाक अध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि आसिफ अली, निगम के इंजीनियर, रेल्वे के अधिकारी एवं इंजीनियर उपस्थित थे।

# मूसलाधार बारिश से बाढ़ में फंसे भारतमाला परियोजना के 10 मजदूर, एसडीआरएफ की टीम ने बचाया



राजनंदगांव (दावा)। मोंगरा बैराज से एक दिन पहले छोड़े गए पानी और जिले में अच्छी बारिश से रविवार को शिवनाथ नदी उफान पर पहुंच गई। इसके चलते थनौद के पास भारतमाला प्रोजेक्ट की सड़क निर्माण में काम कर रहे दस मजदूर फंस गए। इसकी सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने मोटर बोट के सहारे रेस्क्यू कर मजदूरों को सकुशल बाहर निकाला। मजदूर थनौद के पास पुल निर्माण का काम कर रहे थे। पानी से घिरने पर निर्माणाधीन पुल के उपर चढ़ गए थे। इधर उफान के चलते महमरा एनिकट से करीब 6 फीट उपर पानी बह रहा है। जिससे नालों में उलट की स्थिति बन गई। मोंगरा से रविवार को भी 12 हजार क्यूसेक पानी छोड़ना जारी रहा। इसके अलावा जिले में भी रविवार को अच्छी बारिश हुई। इससे सोमवार को भी महमरा एनीकट के ऊपर पानी रहने की संभावना है। शुक्रवार की रात पड़ोसी जिले राजनांदगाव और इसके ऊपरी इलाकों में अच्छी बारिश के चलते मोंगरा बैराज में तेजी से जलभराव शुरू हो गया। इसके चलते शनिवार को दोपहर में मोंगरा बैराज से शिवनाथ नदी में पानी छोड़ना पड़ा। 2 हजार क्यूसेक से शुरू कर शनिवार की शाम तक 36 हजार क्यूसेक पानी का छोड़ना पड़ा।

### एनिकटों से आवाजाही बंद

मोंगरा से छोड़ा गया पानी रविवार की सुबह जिले में पहुंचा। इसके अलावा जिले में भी शनिवार की रात तेज बारिश हुई। इससे शिवनाथ उफान की स्थिति में पहुंच गई। सुबह 10 बजे तक महमरा एनीकट के ऊपर 6 फीट पानी चढ़ गया। वहीं रविवार को भी सुबह से मोंगरा से 12 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं स्थानीय नालों से पानी का आवक होने की वजह से शाम तक जलस्तर यथावत बना रहा। सोमवार को भी महमरा के ऊपर पानी का बहाव बने रहने की संभावना है। नदी के सभी एनिकट डूब गए हैं। आवाजाही बंद हो गई है।

# रिमझिम फुहारों के साथ निकली प्रथम कावड़ यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। सावन माह के आते-आते नगर में संपूर्ण माहौल सावनमय शिवमय हो गया है। नगर में रिमझिम बारिश की फुहारों के साथ श्री बागेश्वर धाम कावड़ यात्रा पूर्ण भक्तिमय वातावरण में शिव भजनों के साथ प्रथम सावन सोमवार प्रथम दिन भक्तो द्वारा निकाली गई। इसके पूर्व रविवार को संस्कारधानी में प्रथम बार शिवप्रभात फेरी संकीर्तन यात्रा भी कालीमाई मंदिर से निकाली गई। उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, विजय गुप्ता, सूरज गुप्ता डॉ. मिथिलेश शर्मा, भावेश अग्रवाल, राजेश शर्मा ने बताया कि, सावन माह के पहले दिन जो इस बार सावन सोमवार को ही प्रारंभ हुआ, कावड़ यात्रा में शामिल होने प्रातः 5:30 बजे से शिवभक्त कावड़यात्री श्री बागेश्वर महादेव धाम मंदिर बड़ी संख्या में पहुंचना आरंभ हो गए थे। रिमझिम फुहारों के बाद भी शिवभक्तों के उत्साह में कोई कमी नही थी। श्री बागेश्वर महादेव के दर्शन के पश्चात तिलक लगाकर सभी कावडयात्री मोहारा स्थित शिवनाथ नदी तट पर पहुंचे जहां शिव मंदिर में पूजा कर कावंड यात्रा बोल बम, हर-हर महादेव के भक्तिमय नारों के साथ आरंभ हुई साथ में शिव भजनों के साथ संपूर्ण भक्तिभाव से शिवभक्ति में ओत-प्रोत होकर झूमते-गाते मोहारा शिवनाथ नदी से नंदई चौक, सदर लाईन, कामठी लाईन, जी.ई. रोड होते हुए श्री बागेश्वर मंदिर पहुंची, जहां पर कावंड यात्रियों द्वारा भगवान बागेश्वर महादेव में 5 नदियों के व शिवनाथ नदी के पवित्र जल को अर्पित किया गया व महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ।

इसी प्रकार रविवार गुरू पूर्णिमा के शुभ दिन से नगर में प्रथम बार शिव प्रभात फेरी, संकीर्तन यात्रा मां कालीमाई मंदिर से निकली, जिसमें यात्रा में शामिल भक्तगण रघ्घु शर्मा के शिव, राम, माता भजनों के साथ भजनों को दोहराते गाते हुए ढोल मंजिरो की मधुर ध्वनि के साथ भक्तिमय वातावरण में प्रातः 6:30 बजे से प्रारंभ होकर जलाराम मंदिर, श्री बागेश्वर मंदिर पहुंची जहा पर दर्शन के पश्चात दुर्गा मंदिर, गौरी नगर, स्टेशन पारा होते हुए वापस माँ कालीमाई मंदिर पहुंची जहां प्रसाद वितरण के पश्चात प्रथम प्रभात फेरी यात्रा का विराम हुआ। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट व संलग्न सभी संस्थाओं शिवभक्तों ने सावन के दूसरे रविवार को शिवप्रभात फेरी व सोमवार को कावंड यात्रा में अधिकाधिक भक्तों से उपस्थित होकर पुण्य धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी अजय गुप्ता द्वारा दी गई है।

# शिवनाथ नदी उफान पर... फिल्टर प्लांट के इंटकबेल में घुसा कचरा... वार्डों में पेयजल सप्लाई रहा बाधित

### शिवनाथ नदी में आई बाढ़ को देखने शहर से पहुंच रहे लोग



## बारिश के दिनों में लोगों को पेयजल के लिए उठानी पड़ रही परेशानी

राजनांदगांव (दावा)। पिछले तीन-चार दिनों से रूक-रूक कर ही सही लेकिन लगातार हो रही बारिश से नदी नालों में पूर की स्थिति आ गई है वही पानी से छलक रहे मोंगरा बांध से 36 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के चलते शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ उफान पर आ गया है। बरसाती पानी और मोंगरा से छोड़े गए पानी का प्रवाह इतना तेज रहा कि कूड़े-कचरे भी नदी के पानी में बहते आ रहे है इससे मोहारा स्थित फिल्टर प्लांट के इंटकवेल में कचरों का जमाव हो गया। जिसके कारण बारिश के गंदला पानी का फिल्टर नहीं हो पाया जिससे शहर में पेयजल सप्लाई बाधित रही। सोमवार की सुबह नल ही नहीं खुल पाए। जिसके कारण लोगों को शुद्ध पेयजल की परेशानी हुई।

### कई हिस्सों में जलापूर्ति नहीं

बता दे कि शिवनाथ का जलस्तर बढ़ने से इंटक बेल में घुसे कचरे को रविवार की सुबह से ही सफाई का काम जारी रहा लेकिन लगातार जल स्तर बढहने व पानी का प्रवाह तेज होने से सफाई काम में मुश्किल जा रहा है। इसके कारण टंकिया भर नहीं पाई और रविवार की शाम व सोमवार की सुबह नलों से जलापूर्ति नहीं किया जा सका। इससे शहर के कई वार्डों में बारिश के दिनों में भी शुद्ध पेयजल की परेशानी बनी रही। वार्ड नं. 2 के निवासियों ने बताया कि पिछले सप्ताह भर से नल नियमित रूप से नहीं खुल रहा है।

सोमवार की शाम भी नल नहीं खुल पाया। रविवार को लगभग 12 बजे थोड़ी देर के लिए नल खुला था। नलों के टाईम-बेटाईम खुलने की शिकायत प्रायः हर वार्डों में दिखाई दे रही है। इंटकवेल में कचरा घुसने से तो शहर के कई हिस्सों में जलपूर्ति ही नहीं हो पाई। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com